विश्वभारती

वार्षिक प्रतिवेदन 2019-2020

शान्तिनिकेतन
2020

॥ यत्र विश्वं भवत्येकनीडम् ॥

।। जहाँ विश्व एक नीड़ में निवास करता है।।



आचार्य
श्री नरेंद्र मोदी
ACHARYA (CHANCELLOR)
SHRI NARENDRA MODI
उपाचार्य
प्रोफेसर विद्युत चक्रवर्ती
UPACHARYA (VICE-CHANCELLOR)
PROF. BIDYUT CHAKRABARTY

विश्वभारती
VISVA-BHARATI
(Established by the Parliament of India under Visva-Bharati Act XXIX of 1951 Vide Notification No. : 40-5/50 G.3 Dt. 14 May, 1951)
संस्थापक
रवीन्द्रनाथ ठाकुर
FOUNDED BY
RABINDRANATH TAGORE

शांतिनिकेतन - 731235
SANTINIKETAN - 731235
जि.बीरभूम, पश्चिम बंगाल, भारत
DIST. BIRBHUM, WEST BENGAL, INDIA
फोन Tel: +91-3463-262 451/261 531
फैक्स Fax: +91-3463-262 672
ई-मेल E-mail : visva-bharati@visva-bharati.ac.in
Website: www.visva-bharati.ac.in

सं./No. वीसी/यू-2/107

दिनांक/Date. 29/09/2020

प्रस्तावना

वार्षिक रिपोर्ट एक निर्दिष्ट शैक्षणिक वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का दर्पण है। विश्वभारती की वार्षिक रिपोर्ट भी कोई अपवाद नहीं है; इससे पाठकों को विश्वविद्यालय द्वारा अपने मूल वैचारिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अकादमिक तथा अन्य उपलब्धियों से परिचित करवाती है। 1921 में 'यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्' को आधार बनाकर, संस्थापक तथा मार्गदर्शक के रूप में गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का हाथ थामकर विश्वभारती की यात्रा प्रारंभ हुई। विश्वविद्यालय के इतिहास के अवलोकन करने से पता चलता है कि गुरुदेव को इस कार्य के लिए कठिनाइयों और असफलताओं का सामना करना पड़ा था। महात्मा गाँधी की पहल और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू (जो विश्वभारती के कुलाधिपति भी थे) के समर्थन से विश्वभारती देश का पहला केन्द्रीय विश्वविद्यालय बन पाया और इसे विश्वभारती अधिनियम, 1951 के तहत 'राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान' की मान्यता प्राप्त हुई। अत: विश्वभारती का विकास दो चरणों में हुआ – पहला चरण (1921-1950), जो मुख्यत: इसके संस्थापक और उन लोगों की देखरेख में हुआ, जो शिक्षा और ज्ञान के प्रसार हेतु एक वैकल्पिक केंद्र के निर्माण के आह्वान से विश्वविद्यालय में शामिल हुए थे और दूसरा चरण तब था जब विश्वविद्यालय शिक्षा मंत्रालय (जो बाद में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के नाम से जाना गया) के समर्थन से कई शिक्षण विभागों के साथ एक केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुआ।

विश्वभारती की उपरोक्त विकास-कथा हमारे पाठकों को इन दो ऐतिहासिक चरणों में विश्वभारती की उपलब्धियों का तुलनात्मक मूल्यांकन करने के लिए दी गयी है : प्रथम चरण का एक विशाल भाग औपनिवेशिक भारत में घटित हुआ था जबकि दूसरा चरण स्वतंत्र भारत में विश्वभारती के विकास का प्रमाण है। हमारी रिपोर्ट, जो भारत की संसद में भी प्रस्तुत की जाती है, पूर्व वर्षों में विश्वविद्यालय द्वारा किये गये शैक्षणिक अनुसंधान और अन्य उपलब्धियाँ प्रदर्शित करती है। वर्ष 2019-20

की अकादमिक रिपोर्ट को विश्वभारती के भिन्न विभागों (शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक विभाग) की उपलब्धियों की सूची के अनुसार संरचित किया गया है। यहाँ स्पष्ट रुप से एक रुपरेखा है जो इस विश्वविद्यालय को देश और विदेश में अपने समकक्षों से पृथक् करती है।

मैं यहाँ एक चेतावनी देना चाहूँगा : विश्वभारती केवल एक डिग्री प्रदान करने वाली शैक्षणिक संस्थान नहीं है; यह मानवता और उत्तरदायी नागरिकता उत्पन्न करने वाली मॉडल भी है क्योंकि इसके लोकाचार समाज के सामान्य एवं विशेष रुप से हाशिये के वर्गों के कल्याण हेतु प्रयास करती हैं। इस संबंध में गुरुदेव द्वारा संस्थापित शिक्षा केंद्र उनके मानव मुक्ति हेतु लयबद्ध लक्ष्य से प्रासंगिक प्रचलित सामाजिक-आर्थिक मुद्दों के प्रति प्रभावी वैचारिक प्रतिक्रिया को समाहित करता है।

यह मानने के कारण हैं कि विश्वभारती उन उद्देश्यों को पूरा करने में शायद सफल नहीं हो सकी, जिनके लिए गुरुदेव टैगोर ने प्रतीकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अथक प्रयास किये थे। प्रगति के पथ पर लगातार कठिनाइयों के बाद भी यह मानने के भी कारण हैं कि विश्वभारती फिर से उठ खड़ी होगी। हमें विश्वास है कि विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों की कड़ी मेहनत एवं दुनिया भर के शुभ-चिंतकों के समर्थन से, वह दिन दूर नहीं जब विश्वभारती वैश्विक शिक्षा का नेतृत्व करेगी। वह केवल एक शैक्षणिक पूछताछ की जगह बनकर नहीं रहेगी बल्कि शैक्षणिक नवोन्मेषण और प्रेरणादायक अनुसंधान कार्यों का उच्चतम स्रोत बनेगी।

सार्वजनिक डोमेन के लिए वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना एक विशाल कार्य है। मैं अपने सहकर्मियों के प्रति कृतज्ञ हूँ जिन्होंने गुरुदेव टैगोर द्वारा मानवता के लिए नियत किए हुए उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध होकर, इस दस्तावेज़ को तैयार करने के लिए दिन-रात मेहनत की है। यह मेरी अशिष्टता होगी अगर मैं अपने संपादक, प्रो. मलय मुख़र्जी, भूगोल विभाग एवं उनके सक्षम टीम के सदस्यों के योगदान के बारे में न कहूँ, जिन्होंने शिक्षण-शास्त्र और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु विश्वभारती की कठिन यात्रा, एक यात्रा जो 1921 में विश्वविद्यालय के प्रारंभ से शुरु हुई है, से संबंधित कई आवश्यक जानकारियों को सजाने व संगठित करने में सहायता की है। मैं अपने विभागीय सहकर्मियों का भी धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने रिपोर्ट बनाते समय प्रासंगिक जानकारियाँ साझा कीं। इस सहयोगी परियोजना का महत्व तभी बढ़ता है जब हम विचार करते हैं कि 2019-20 की वार्षिक रिपोर्ट, एक बार जारी होने के पश्चात, विश्वभारती की समृद्ध विरासत का एक ऐसा अभिन्न अंग बन जाएगी, जिससे भविष्य में इतिहासकारों को विश्वविद्यालय की भारत और विदेश में अपने लिए बेहतरीन जगह बनाने की यात्रा को बयान करने में सहायता मिलेगी।

प्रोफ़ेसर विद्युत चक्रबर्ती

कुलपति, विश्वभारती

अनुक्रम

अध्याय-1	**1-15**
ब्रह्मचर्याश्रम से विश्वभारती तक	1-3
वर्तमान संस्थागत संरचना	3-4
सामाजिक रूप से प्रासंगिक अनुसंधान एवं अन्य गतिविधियाँ	4-6
प्रो. विद्युत चक्रवर्ती द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय एवं विश्वभारती में प्रदत्त व्याख्यान	7-12
उत्सव एवं त्योहार	13-15
वित्त	15
शिक्षण कर्मचारियों की स्थिति	15
प्रशासनिक कर्मचारियों की स्थिति	15
विद्यार्थी संघटन	15
अध्याय-2	**16-521**
भाषा भवन	**16-89**
बांग्ला विभाग	17-23
अंग्रेजी विभाग	24-29
हिन्दी विभाग	30-37
संस्कृत, पालि और प्राकृत विभाग	38-44
ओड़िया विभाग	45-51
अरबी, फारसी, उर्दू और इस्लामी अध्ययन विभाग	52-55
भारत-तिब्बती अध्ययन विभाग	56-61
संताली विभाग	62-63
जापानी विभाग (निप्पन भवन)	64-66
चीनी भाषा और संस्कृति विभाग	67-70
मराठी विभाग	71-72
तमिल विभाग	73-74
असमिया विभाग	75
आधुनिक यूरोपीय भाषा केंद्र (सीएमइएलएलसीएस)	76-78
बौद्ध अध्ययन केंद्र	79-81
तुलनात्मक साहित्य केंद्र	82-84

संकटापन्न भाषा केंद्र (सीएफइएल) 85-89
विद्या भवन **90-137**
प्राचीन इतिहास, संस्कृति और पुरातत्त्व विभाग 91-95
नृतत्त्व विभाग 96
अर्थशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विभाग 97-106
भूगोल विभाग 107-113
इतिहास विभाग 114-119
दर्शन शास्त्र और तुलनात्मक धर्म विभाग 120-126
पत्रकारिता और जनसंचार केन्द्र 127-133
स्त्री अध्ययन केन्द्र 134-136
शिक्षाशास्त्र, विद्याभवन 137
शिक्षा भवन **138-250**
भौतिकी विभाग 138-150
रसायन शास्त्र विभाग 151-176
गणित विभाग 177-187
प्राणिविज्ञान विभाग 188-204
वनस्पति विज्ञान विभाग 205-216
सांख्यिकी विभाग 217-220
कम्प्यूटर एवं पद्धति विज्ञान विभाग 221-228
पर्यावरण अध्ययन विभाग 229-236
जैव प्रौद्योगिकी विभाग 237-243
एकीकृत विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र 244-248
गणितीय शिक्षा केन्द्र 249-250
कला भवन **251-283**
डिज़ाइन विभाग 251-261
मूर्तिकला विभाग 262-265
चित्रकला विभाग 266-272
ग्राफिक कला विभाग 273-276
कला इतिहास विभाग 277-281
कला भवन नंदन संग्रहालय 282-283

संगीत भवन **284-305**
रवीन्द्रसंगीत, नृत्य एवं नाटक विभाग 285-296
हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत विभाग 297-303
रवीन्द्र संगीत गवेषणा केन्द्र 304-305
विनय भवन **306-327**
शिक्षा विभाग 307-317
योग कला एवं विज्ञान विभाग 318-322
शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग 323-327
पल्ली संगठन विभाग (P.S.V.) **328-368**
आजीवन ज्ञानार्जन एवं विस्तार विभाग (ग्रामीण विस्तार केन्द्र) 329-346
ग्रामीण अध्ययन विभाग (P.C.K.) 347-349
शिल्प सदन विभाग 350-357
समाज कार्य विभाग 358-368
पल्ली शिक्षा भवन (P.S.B.) **369-450**
कृषि अर्थशास्त्र विभाग 372-376
कृषि अभियांत्रिकी विभाग 377-381
कृषि कीट-विज्ञान विभाग 382-389
कृषि विस्तार विभाग 390-394
कृषि सांख्यिकी विभाग 395-398
कृषि विज्ञान विभाग 399-414
पशु विज्ञान विभाग 415
फसल शरीर विज्ञान विभाग 416-418
अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग 419-424
उद्यानिकी एवं कृषि परवर्ती प्रौद्योगिकी विभाग 425-431
पौध पैथोलॉजी विभाग 432-443
मृत्तिका विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग 444-450
कृषि आर्थिक शोध केन्द्र **451-455**
माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक संस्थाएँ **456-470**
पाठ भवन 456-463
शिक्षा सत्र 464-470

अन्य शैक्षणिक केन्द्र **471-521**
राजभाषा प्रकोष्ठ 471-472
रवीन्द्र भवन 473-482
विश्वभारती पुस्तकालय नेटवर्क (केन्द्रीय पुस्तकालय) 483-502
ग्रंथन विभाग 503-511
बांग्लादेश भवन 512-515
ए.के. दासगुप्ता योजना एवं विकास केन्द्र 516-517
अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ 518-519
इंदिरा गाँधी केन्द्र 520-521
अध्याय-3 : शैक्षणिक कैलेन्डर / कार्यक्रम **522-525**
अध्याय-4 : विद्यार्थी सांख्यिकी **526-527**
अध्याय-5 : परिसर विकास **528-529**
अध्याय-6 : विश्वविद्यालय वित्त **530**
अध्याय-7 : शारीरिक शिक्षा, खेल और एन.एस.एस. **531-534**
परिशिष्ट क से ङ तक **535-570**
परिशिष्ट-क : भवनाध्यक्ष 535
परिशिष्ट-ख : विभाग / संस्था के प्रधान / निदेशक 536-538
परिशिष्ट-ग : शैक्षिक कर्मचारी 539-559
परिशिष्ट-घ : विश्वभारती संसद (कोर्ट) के सदस्य 560-567
परिशिष्ट-ङ : कर्म समिति के सदस्य 568-569
संपादकीय समिति **570**

अध्याय-1

ब्रह्मचर्याश्रम से विश्वभारती तक : एक छोटे से विद्यालय का एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित शिक्षा-केंद्र में रूपांतरित होने का इतिहास

विश्वभारती जो एशिया के पहले नोबेल पुरस्कार विजयी कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर के ऐसे संस्थान के स्वप्न की परिणति का प्रतीक है जहाँ उपनिषद के शिक्षानुसार (जो स्वतंत्र करता है वह शिक्षा है) समग्र शिक्षा उपलब्ध होगा, उसकी शुरुआत अत्यंत साधारण था। सन् 1863 में श्री देबेन्द्रनाथ ठाकुर, कविगुरु के पिता एवं 19वीं शताब्दी बंगाल के पुनर्जागरण के अग्रदूत, ने बीरभूम जिला के शुष्क मिट्टी में 20 रुपए के पूर्व भूमि दर पर 20 बिघा जमीन का उपयोकर्ता अधिकार प्राप्त किया एवं वहाँ शान्तिनिकेतन आश्रम की स्थापना की। सन् 1888 में उन्होंने आश्रम के प्रबंधन के लिए एक न्यास विलेख का निष्पादन कर उसे पूरी तरह ध्यान के उद्देश्य से समर्पित कर दिया। रवीन्द्रनाथ ठाकुर तत्कालीन शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा के माध्यम, जिसे वह यांत्रिक, निष्प्राण व उत्साह विहीन मानते थे, के प्रतिकूल 23 दिसंबर, 1901 में स्वीकृत शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से केवल 5 विद्यार्थियों को लेकर एक विद्यालय की स्थापना की। जनवरी, 1924 के विश्वभारती बूलेटिन के अनुसार :

''... सीमित संख्यक बच्चों के लिए शिक्षा जीवन से कटकर नहीं होगा, जहाँ विद्यार्थी एक बड़े परिवार के सदस्य बनेंगे तथा संस्थान के सभी कार्यों को अपना मानेंगे एवं जहाँ यह सभी आजाद, आपसी विश्वास व खुशी के माहौल में रहेंगे तथा बढ़ेंगे।''

ब्रिटिश राज को बेजोड़ बनाने के लिए ब्रिटिश नेतृत्व द्वारा संवेदन-शून्य क्लर्कों को तैयार करने के बनाए गए शिक्षा व्यवस्था के सचेत प्रत्याख्यान के फलस्वरुप रवीन्द्रनाथ ने एक नई शिक्षा व्यवस्था प्रारंभ किया जहाँ कक्षाएँ खुली हवा में होती थी, जहाँ मानव और प्रकृति एक सामंजस्यपूर्ण संबंध स्थापित कर पाते हैं। 20 वर्ष बाद पैट्रिक गिड्डीज को एक पत्र में वह लिखते है :

''मैंने केवल एक सरल विचार के साथ प्रारंभ किया था कि शिक्षा को कभी भी जीवन से अलग नहीं किया जाना चाहिए।''

रवीन्द्रनाथ ने 'सम्पूर्ण' मानव को पोषण करने वाली समग्र शिक्षा की संकल्पना हमारे प्राचीन भारतीय उपनिषद के ग्रंथों से आत्मसात किया था जिसमें सांसारिक समृद्धि के बंधनों से आत्मा की मुक्ति के संबंध में लिखा हुआ है। उनके साधन सीमित थे परंतु उनके आदर्श अडिग। सन् 1917 तक एक भारतीय सांस्कृतिक केंद्र की अवधारणा धीरे-धीरे आकार लेने लगी थी। यह केंद्र 'विभिन्न संस्कृतियों के समन्वित अध्ययन के लिए' बनाया जाएगा। 23 दिसंबर, 1918 को कवि-शिक्षक द्वारा विश्व-भारती का शिलान्यास किया गया था। अपने संक्षिप्त व्याख्यान में उन्होंने इस संस्थान के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए

कहा था :

"एक विश्वविद्यालय का प्राथमिक लक्ष्य रचनात्मक कार्यों में योगदान करना और ज्ञान प्रदान करना है। मानव को एकत्र करना चाहिए और उन्हें न केवल बौद्धिक अन्वेषण बल्कि महत्वपूर्ण रचना के लिए भी पूर्ण अवसर मिलना चाहिए तथा शिक्षण में इस वसंतमय, सरल व अपरिहार्य संस्कृति का अतिप्रवाह होना चाहिए।"

विश्वभारती का पंजीकरण 16 मई, 1922 में हुआ था। विश्वभारती में विश्व के सभी जगहों से विद्वान आने लगे जिससे यह सही अर्थों में वैश्विक संस्कृति एवं शिक्षा का केंद्र बन गया।

सन् 1924 में ब्रह्मचर्य विद्यालय को विश्वभारती पूर्व विभाग का नाम दिया गया और आगे चलकर सन् 1925 में यह विश्वभारती का पाठभवन बन गया।

सन् 1921 में उन्नत अध्ययन विभाग की स्थापना की गई थी जिसका सन् 1926 में नाम बदलकर विद्या भवन रखा गया।

सन् 1919 से संगीत एवं कला का शिक्षण कला भवन में होता था जिसको सन् 1933 में दो शाखाओं में बांट दिया गया – कला तथा संगीत भवन।

रवीन्द्रनाथ अपने प्रारंभिक वर्षों के दौरान शिलाइदह और शहजादपुर में रहते समय गरीबी और अज्ञानता में डूबे हुए गाँव के जीवन की व्यथा-वेदना को समझ पाए थे। इस वेदनादायक स्थिति का अंत करने के लिए रवीन्द्रनाथ ने व्यावसायिक प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रारंभ किया ताकि गाँव के लोग आत्मनिर्भर बन सके। इसी उद्देश्य से 6फरवरी, 1922 में सुरुल में लेनार्ड एल्महर्स्ट के प्रेरणादायक नेतृत्व से विश्वभारती कृषि एवं ग्राम पुनर्निर्माण विभाग प्रारंभ किया गया। आगे चलकर यह श्रीनिकेतन के नाम से जाना गया। इस संस्थान की स्थापना में निहित आदर्श गाँव के जीवन को संपूर्णता प्रदान करना तथा यहाँ के लोगों को उनके सहजप्रवृत्ति के संबंध में जागरुक करवाना था। सन् 1924 में 'शिक्षा-सत्र' नाम से एक और विद्यालय स्थापित किया गया था जो 1927 में श्रीनिकेतन में सम्मिलित कर लिया गया।

14 अप्रैल, 1937 को गुरुदेव द्वारा चीना भवन का अनुसंधान विभाग के रूप में भारत और चीन के पुराने सांस्कृतिक संबंधों को बुलंद करने के उद्देश्य से उद्घाटन किया गया था। प्रोफेसर तान यूं-शान के अथक उत्साह और प्रयास से विश्वभारती के माध्यम से चीन-भारतीय सांस्कृतिक संगति के लिए संभावना का एक नया द्वार खुल गया। सन् 1994 में निप्पोन भवन की स्थापना से जापानी भाषा तथा संस्कृति के उन्नत उध्ययन को एक नई दिशा मिली। हिंदी भवन का शिलान्यास सी.एफ. एंड्रुज एवं क्षितिमोहन सेन द्वारा किया गया था तथा पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी जी के अथक प्रयास के कारण 31 जनवरी, 1939 को हिंदी भवन का निर्माण संपूर्ण हो पाया।

मई, 1951 में विश्वभारती को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया और इसे 'राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान' माना गया।

अत: जो केवल एक विद्यालय के रुप में शुरु हुआ था, आर्थिक, प्रशासनिक व अन्य अनेक प्रकार की बाधाओं के पार कर एक लंबी राह तय कर वह आज विविध व्यावसायों व विषयों से परिपूर्ण एक आधुनिक विश्वविद्यालय में परिणत हुआ है जहाँ उत्कृष्टता, जीवंतता व प्रयोगात्मकता को निरंतर विकसित किया जाता है। शांतिनिकेतन अर्थात् शांति का निवास तथा श्रीनिकेतन अर्थात् श्री का निवास – यही दो मिलकर विश्वभारती को स्वर्गीय सौंदर्य, शांति एवं शैक्षणिक जीवंतता पूर्ण स्थान बनाती हैं।

वर्तमान संस्थागत संरचना

संविधान के अधिनियम, 1951 के अनुसार विश्वभारती के परिदर्शक भारत के राष्ट्रपति हैं एवं पश्चिम बंगाल के राज्यपाल यहाँ के प्रधानाचार्य हैं। भारत के राष्ट्रपति विश्वविद्यालय के आचार्य एवं उपाचार्य को नियुक्त करते हैं। संविधान द्वारा बनाया गया 1951 के अधिनियम का संशोधित संस्करण एवं विश्वभारती की मूर्तियाँ ही विश्वविद्यालय की शक्ति एवं कार्य का आधार है। विश्वविद्यालय के मुख्य निर्णायक मंडली हैं – संसद, कर्म समिति, शिक्षा समिति, अर्थ समिति तथा विभिन्न संस्थान के बोर्ड व पाठ समितियाँ।

विश्वविद्यालय में निम्नलिखित संस्थान हैं :

शांतिनिकेतन में

भाषा भवन (भाषा, साहित्य तथा संस्कृति संस्थान)

विद्या भवन (सामाजिक विज्ञान संस्थान)

शिक्षा भवन (विज्ञान संस्थान)

कला भवन (ललित कला संस्थान)

संगीत भवन (संगीत, नृत्य व नाटक संस्थान)

विनय भवन (शिक्षा संस्थान)

रवीन्द्र भवन (टैगोर अध्ययन, संग्रहालय तथा अभिलेखागार संस्थान)

पाठ भवन (प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च्य माध्यमिक शिक्षा संस्थान)

श्रीनिकेतन में

पल्ली संगठन विभाग (ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान)

पल्ली शिक्षा भवन (कृषि विज्ञान संस्थान)

शिक्षा सत्र (प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च्य माध्यमिक शिक्षा संस्थान)

कोलकाता में

ग्रंथन विभाग (प्रकाशन विभाग)

इसके अलावा, विश्वभारती कृषि-आर्थिक अनुसंधान केंद्र के कार्यों (विश्वभारती के साथ समन्वित कृषि मंत्रालय द्वारा प्रायोजित एक अनुसंधान केंद्र) एवं कंप्यूटर केंद्र, जो अपने शैक्षिक कार्यों के साथ ही शैक्षिक एवं प्रशासनिक विभागों के लिए भी सेवा केंद्र का कार्य करती है, के कार्य-कलापों का भी मार्गदर्शन करती है।

सामाजिक रूप से प्रासंगिक अनुसंधान एवं अन्य गतिविधियाँ

मानविकी, भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान के क्षेत्रों में सामाजिक रूप से प्रासंगिक अनुसंधान कार्यों तथा कमजोर वर्गों के आवश्यकता-उन्मुख विस्तार कार्यों की उन्नति के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

उपरोक्तानुसार विभिन्न गतिविधियों का एक संक्षेप समीक्षा निम्नलिखित है :

शिक्षा भवन में मूलत: उक्त क्षेत्रों पर अनुसंधान किया जाता है – (i) बिहार के कृषि विकास में गैर-सरकारी एजेंसियों की भूमिका (ii) प्रसंस्करण एवं इनपुट आपूर्ति से संबंधित कृषि वस्तुओं का विपणन (iii) कृषि एवं ग्रामीण विकास में विकेंद्रीकृत योजना (iv) कृषि विकास पर अनुवृत्तियों का प्रभाव (v) सीमांत व छोटे खेतों की आर्थिक वयवहार्यता (vi) प्रगति और इनपुट आपूर्ति पर विशेष ध्यान देते हुए कृषि विपणन (पश्चिम बंगाल)

पल्ली संगठन विभाग ने शांतिनिकेतन और श्रीनिकेतन के आस-पास के गाँवों में कार्योन्मुख कार्यक्रमों से आत्म-सहायता एवं आत्मनिर्भरता के माध्यम से गाँव के जीवन को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है जैसे ब्रती बालक व युवा संगठनों द्वारा किए गए कार्यक्रम, ग्रामीण पुस्तकालय सेवाएँ, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्गों द्वारा बसाए गए क्षेत्रों में शिल्प व प्रशिक्षण आदि।

पल्ली चर्चा केंद्र ने 'ऑपरेशन वर्ग', आई सी ए आर के तहत कृषि उत्पादन एवं कृषि विपणन, आदिवासी समुदायों विशेषकर संथाल समुदाय की भाषायी भ्रष्टाचार व संस्कृति भ्रम के अध्ययन से ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी-विरोधी कार्यक्रमों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

पल्ली शिक्षा भवन ने जिन परियोजनाओं की शुरुआत किया है, वह हैं – (i) आई सी ए आर एवं यू एस डी ए के तहत खरपतवार नियंत्रण पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान (ii) चावल के खरपतवार नियंत्रण पर नोसिल अनुसंधान (iii) तेल-बीज अनुसंधान योजना (iv) विभन्न फसलों पर नीम के अर्क का प्रभाव (v) फसलों की वृद्धि पर सिंचाई एवं नाइट्रोजेन का प्रभाव, विश्वभारती के प्रायोजन से बड़े पैमाने पर जूट, गन्ना, सरसों की खेती की शुरुआत कर कृषि पूंजी के विकास हेतु कृषि अर्थव्यवस्था। इसके अलावा, पादव संरक्षण विभाग ने (i) एकीकृत हानिकारक कीट प्रबंधन (ii) फसल कटाई के पश्चात विकृति विज्ञान (iii) नेमोटेड पारिस्थितिक आदि जैसे सामाजिक रुप से प्रासंगिक परियोजनाओं को शुरु किया है। राज्य सरकार के सहयोग से एक मृदा परीक्षण प्रयोगशाला भी स्थापित की गई है ताकि चावल की फसल के उत्पादन के संबंध में बाद की मिट्टी में उपलब्ध मृदा फॉसफोरस व पोटाशियम के आकलन हेतु कुशल मृदा परिक्षण पद्धतियों को विकसित किया जा सके।

सामाजिक कार्य विभाग ने सामाजिक रुप से प्रासंगिक क्षेत्र अध्ययन संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया है जैसे – (i) बीच में विद्यालय छोड़ देने वालों को दोबारा विद्यालय में शामिल करना (ii) स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं का उपयोग करना (iii) सहकारी बैंकों द्वारा कृषि और उद्योग में निवेश (iv) सामाजिक रुप से संकट में परिवार (v) ग्रामीण आबादी के अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति समुदाय और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए स्वरोजगार तथा शारीरिक विकलांगों के लिए विशेष परियोजनाएँ। इस विभाग ने आस-पास के गाँवों में अन्य सरकारी एजेंसियों के सहयोग से एक समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम भी प्रारंभ किया।

मानवीकी और सामाजिक विज्ञान संस्थान ने दर्शन शास्त्र, धर्म, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, बंगला, संस्कृत, पाली व प्राकृत, फार्सी, उर्दू, हिंदी, संथाली, उड़िया, तमिल, मराठी, तिब्बती, चीनी, जापानी, रुसी, आदि जैसे भारतीय एवं विदेशी भाषाओं में अनुसंधान कार्यक्रम प्रारंभ किया है। चीनी भाषा और संस्कृति एवं इंडो-तिब्बती अध्ययन के विभागों में बौद्ध साहित्य और धर्म पर विशेष अध्ययन किए जा रहे हैं। उनके पास प्राचीन पांडुलिपियों की एक समृद्ध भंडार है। उड़िया भाषा के विभाग ने ओडिशा के लोकभाषाओं पर विशेष अध्ययन शुरु किया है। निप्पन भवन अर्थात् जापानी अध्ययन एवं संस्कृति केंद्र को भारत और जापान के बीच विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ओर जापान के वित्तीय सहायता से पुन: उन्मुख किया गया है।

इसके अलावे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता केंद्र माध्यमिक एवं उच्च-माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय एकता की संस्कृति को पाठ्यक्रम के रुप में लाने हेतु पाठ्यक्रम विकास पर कार्यशालाओं व संगोष्ठियों का आयोजन करती है।

स्नातक व स्नातकोत्तर स्तरों पर कम्प्युटर विज्ञान के नियमित पाठ्यक्रमों के अलावा भी आगे की पीढ़ियों में कम्प्यूटर संस्कृति को प्रोत्साहित करने हेतु यहाँ एक विशिष्ट कम्प्यूटर केंद्र है जहाँ नियमित रुप

से विश्वभारती के शैक्षिक व प्रशासनिक समुदाय को प्रशिक्षण तथा अभिकलन सुविधाएँ प्रदान की जाती है। अंग्रेजी, वनस्पति विज्ञान, कला भवन, गणित, पल्ली शिक्षा भवन, भौतिक विज्ञान, रवीन्द्र भवन, प्राणी विज्ञान तथा कृषि-आर्थिक अनुसंधान केंद्र जैसे विभागों में अभिकलन सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

विद्यार्थियों के उन विस्तार गतिविधियों का उल्लेख करना भी उचित होगा जिनका एक विशेष और सामाजिक-आर्थिक महत्व है। यह एनसीसी, एनएसएस, शारीरिक शिक्षा, कार्यों एवं त्योहारों के नियमित कार्यक्रमों के रूप में आयोजित किए जाने थे जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों, मूलत: जहाँ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति रहते हैं, में शैक्षिक भ्रमण किया जाता था ताकि वहाँ के लोगों के साथ बातचीत हो सके। इन विस्तार गतिविधियों की मुख्य विशेषताएँ हैं – समाज सेवा, पर्यावरण सुरक्षा, अशिक्षा उन्मूलन, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल तथा मादक पदार्थों के लत के खिलाफ अभियान।

उपरोक्त से विश्वविद्यालय द्वारा अपने संस्थापक रवीन्द्रनाथ टेगोर, जो सामाजिक रुप से सामाजिक प्रासंगिक शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से भारत में सामाजिक उत्थान के लिए सर्वथा तत्पर रहे हैं, के सपनों के अनुरुप सामाजिक रुप से प्रासंगिक अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का एक व्यापक दृष्टिकोण मिलता है।

प्रो. बिद्युत चक्रबर्ती, कुलपति, विश्वभारती

(दिल्ली विश्वविद्यालय में 4 अक्टूबर, 2019 को व्याख्यान दिया गया था तथा बाद में विश्वविद्यालय व्याख्यान शृंखला के भाग के रूप में विश्वभारती में 30 नवंबर, 2019 को दिया गया)

क्या कौटिल्य आज भी प्रासंगिक हैं?

कौटिल्य के सामाजिक-आर्थिक एवं राजनीतिक विचारों को पर्याप्त विद्वत्व नहीं मिला था क्योंकि उसे केवल राज्य शिल्प तक सीमित कर दिया गया था। यह उन विचारों की उचित व्याख्या नहीं है जिन्हें उन्होंने अपने अर्थशास्त्र में विकसित किए थे, बल्कि उनके विचार राज्य और शासन के कई आधारभूत अवधारणाओं पर आधारित हैं। इनकी अवधारणाओं की विचित्रता यह है कि हमें यह समझने में मदद करती है कि कैसे संकट के समय एक आधुनिक राज्य का विचार व्यक्त किया गया था। उनके विचार राजनैतिक संकट में सत्ता बनाए रखने का एक प्रयास था क्योंकि जब उन्होंने यह लिखा था तब मौर्य साम्राज्य जर्जर हो चुका था। उनके विचारों ने ही भारत में संस्थागत राज्य के लिए एक ठोस आधार बनाया था। कुछ मायनों में उनके अर्थशास्त्र की तुलना थॉमस होब्स की 17वीं शताब्दी की उत्कृष्ट रचना 'लेविथान' से की जा सकती है। अंग्रेजी विचारक, थॉमस होब्स, के लिए 1668 की प्यूरिटन क्रांति एवं 1688 की ग्लोरियस क्रांति से जो परिवर्तनशील ब्रिटिश संदर्भ उथरी थी वही अंतत: इंग्लैंड में संवैधानिक राजशाही लाई। अर्थशास्त्र काफी हद तक लेविथान के समान है क्योंकि वह एक पतनशील शाही अधिकारों की विश्लेषणात्मक अभिव्यक्ति है जो उन परिस्थितियों में भी खुद को आश्वस्त करता है जो एक अनुशासनपूर्ण शासन व प्रशासन के लिए किसी भी प्रकार से अनुकूल नहीं थे।

कौटिल्य अपनी रचना को शुक्र एवं बृहस्पति को समर्पित करते हैं जो शासन कला, विज्ञान के पौराणिक रचनाकार हैं। शुक्र राक्षसों के शिक्षक हैं जिनका लक्ष्यार्थ सम्पूर्ण रूप से नकारात्मक नहीं है। बृहस्पति देवों के शिक्षक हैं। अत; यह समर्पण देवों या राक्षसों को नहीं बल्कि उनके शिक्षकों को किया जाता है।

वह पाठकों को बताते हैं कि उनका संग्रह सभी पुरातन अर्थशास्त्रों की प्रमुख अवधारणाओं को संक्षेप में प्रस्तुत करता है। इसका अर्थ है कौटिल्य के अर्थशास्त्र लिखने से पूर्व ही राजनीति पर कई पाठ लिखे जा चुके हैं एवं शासन कला में आवश्यक क्षमता प्राप्त करने हेतु इन्हें अनिवार्य माना गया है। हालांकि, अर्थशास्त्र लिखे जाने के पश्चात ये पुस्तकें आगे की शताब्दियों में कहीं खो गईं। कौटिल्य के संदर्भ से हम अनुमान लगा सकते हैं कि वे केवल पौराणिक या ऐतिहासिक आख्यान नहीं थे बल्कि उनमें एक सैद्धांतिक चरित्र था।

कौटिल्य के अनुसार एक शासक को चार शास्त्रों का ज्ञान होना आवश्यक है – दर्शन शास्त्र, धर्म शास्त्र, अर्थशास्त्र तथा राजनीति शास्त्र। इन चार शास्त्रों के माध्यम से ही अर्थ और धर्म की प्राप्ति संभव हो

सकती है। उन्होंने दर्शन को अन्य शास्त्रों से पहले रखा है क्योंकि यह शासकों की वास्तविकता को बेहतर ढंग से समझने में सक्षम बनाती है। दर्शन शास्त्र के महत्व को समझाते हुए अर्थशास्त्र के लेखक तर्क देते हैं कि यह वह माध्यम है जो राजा को युक्तिपूर्ण अनुभूति की कला, आध्यात्मिक-रहस्यमय ज्ञान को पाने की कला तथा मानव मस्तिष्क के कार्य करने की कला को समझने में सहायता करेगी। दर्शनशास्त्र के महत्व को समझते हुए भी कौटिल्य ने अपनी पुस्तक में इस विषय पर अधिक प्रकाश नहीं डाला है। शायद इसलिए कि उन्हें लगता है कि इसके बारे में पहले भी काफी विस्तार से कहा गया है। इनके विचारों का वैचित्र्य उनका श्रमिकों का जाति-आधारित विभाजन को उचित बताना है और इसी के आधार पर शायद अतीत के सामाजिक-आर्थिक संदर्भ में कार्यों का विभाजन किया जाता था। इसके अलावा चार वेदों (साम, ऋग, यजूर व अथर्व) का संदर्भ देते हुए कौटिल्य जाति-आधारित कार्य विभाजन के औचित्य को प्रमाणित करने हेतु इतिहास इतिहासवेद (जिसमें रामायण और महाभारत भी शामिल है) जैसे ग्रंथों की ओर ध्यानाकर्षित करते है।

प्रत्येक जाति के कार्य निर्दिष्ट हैं :

ब्राह्मण धर्म : अध्ययन, अध्यापन, पुरोहिती अनुष्ठान जिसकी पुष्टि अन्य जातियों द्वारा की जाएगी।

क्षत्रिय : सैन्य सेवा और लोगों की सुरक्षा जिसमें राजनीतिक नेतृत्व और शासन कार्य शामिल हैं (जो शिक्षा और उदारता के साथ पूरा किया जाए)

वैश्य : कृषि, व्यापार और शिल्प, शिक्षा और दान के लिए तत्परता में उद्यमी कार्यकलाप।

शूद्र : उपरोक्त तीन उच्च जातियों की अधीनस्थता तथा कृषि, शिल्प, व्यापार और सेवाओं में शारीरिक श्रम।

कैसे शासन की एक कुशल व्यवस्था विकसित की जाए?

यथार्थवादी कौटिल्य के अनुसार (16वीं शताब्दी के इतालवी विचारक, मैकियावेली की भाँति) राजा को अपने राज्य के सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के प्रति सतर्क रहना चाहिए; इससे वे विपक्षी ताकतों का सरकार के लिए विनाशकारी बनने से पूर्व ही उनका मुकाबला कर पाएंगे। अपना वर्चस्व क्षेत्र के विस्तार के लिए, राजा को उस सिद्धांत द्वारा शासित किया जाना चाहिए जिसमें कहा गया है कि ‘‘प्रशासन राजनीति के विज्ञान का गठन करती है, इसके उद्देश्य के लिए प्राप्त नहीं किए हुए चीजों का अधिग्रहण, प्राप्त चीजों का संरक्षण, संरक्षित चीजों की वृद्धि और योग्य प्राप्तकर्ता को संवर्धित चीजों को प्रदान करना। इसी पर सांसारिक जीवन का व्यवस्थित संरक्षण निर्भर करता है। ‘‘मूल अर्थ यह है कि राजा को अपने राज्य के विकास के लिए अपनी सर्वस्व ऊर्जा समर्पित कर देनी चाहिए। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि अर्थशास्त्र के लेखक के लिए, ठहराव गिरावट का एक कारण है और विकास के अभाव की ओर अग्रसर होने की प्रवृत्ति से सचेत होकर राजा यह भी प्रदर्शित करता है कि वह अपने प्रजा की भलाई के लिए समान

रूप से चिंतित है। यह तभी संभव है जव राजा मन की वैज्ञानिक प्रवृत्ति को पोषण करें; इससे कौटिल्य का अर्थ है नए विचारों को स्वागत करने और यदि वे राजा द्वारा राज्य के लिए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु उपयोगी है तो उन्हें स्वीकारने की क्षमता।

चूँकि वह यह भी मानते हैं कि एक कमजोर और निष्क्रिय राज्य राजनैतिक अराजकता में योगदान देता है (मत्स्य न्याय), उन्होंने राज्य सत्ता के समेकन हेतु तीन मूलभूत अवधारणाओं को विकसित किए हैं – (i) अर्थव्यवस्था को मजबूत क्योंकि यह राज्य की योजनाबद्ध सामाजिक-आर्थिक विकास को प्राप्त करने की क्षमता का आधार है (ii) एक मजबूत राज्य की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है शासक का बलपूर्वक शक्ति को बुद्धिमानी और विवेकशीलता से प्रयोग करना और (iii) शासक और उसके स्वदेशवासियों का अधिकारों को तर्कहीन और मनमाने तरीके से व्यवहार, जिससे राज्य के खिलाफ विद्रोह की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, को रोकने की क्षमता।

कठोर व्यवहारवादी कौटिल्य यह भी जानते है कि कुछ शत्रु ऐसे भी होते हैं जो बाहर से नहीं बल्कि राजा के अंतर में ही हैं; उनका नियंत्रण स्वयं राजा को ही करना आवश्यक है; यह है क्रोध, लोभ, अहंकार तथा मूर्खता। इससे यह भी पता चलता है कि लेखक मानव मनोविज्ञान से भली-भांति परिचित हैं; अन्यथा उनके लिए इन संयमित मनोवैज्ञानिक कारकों को पहचानने में मुश्किल होता जो राजा के लिए कमजोरी के स्रोत हो सकते हैं। राजा के लिए टालने लायक अन्य कारक भी हैं जिन्हें कौटिल्य 'निष्क्रिय चरित्र दोष' के रूप में परिभाषित करते हैं; यह हैं – आलस्य, प्रेरणा की कमी, व्यर्थ व्यक्तियों, चीजों व कार्यों पर समय नष्ट करना। बेहतर शास्त्र के लिए राजा को धर्म के प्रति सत्यनिष्ठ और काम-वासना से दूर रहकर राजनीतिक लाभ और आदर्श के बीच संतुलन स्थापित करना होगा।

उनकी यथार्थवादी भावना तब प्रमाणित होती है जब वह राजा को अपने लोगों की भौतिक आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हैं; अन्यथा उनके लिए दूसरों से यह आशा रखना मुश्किल होगा कि वे कानून का पालन करेंगे, नैतिक रूप से सचेत रहेंगे और घर पर भव्यता के साथ रहेंगे। इस सिद्धांत के द्वारा कौटिल्य एक राजनीतिक यथार्थवादी होने के कारण अपने दावे को इस अर्थ में स्थापित करते हैं कि राज्य में शांति के लिए राजा का लोगों के सामाजिक-आर्थिक कठिनाइयों के प्रति सचेत होना आवश्यक है; अन्यथा राजा शांति बनाए रख पाने में असमर्थ होंगे और अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार अपने सामाजिक-राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने में विफल होंगे।

राज्य का शासन कैसे किया जाए

राज्य पर शासन करने का अर्थ है निर्णय लेना जो पर्याप्त जानकारी की उपलब्धता पर निर्भर करता है। वह तीन प्रकार के ज्ञान को मानते हैं – अपक्व तथा संसाधित जानकारी – जो राज्य के शीर्ष पर निर्णय लेने के आधार हैं :

1. प्रत्यक्ष ज्ञान : वह जानकारी जो शासक द्वारा खुद प्राप्त किया गया है।

2. अप्रत्यक्ष ज्ञान : वह जानकारी जो शासक को किसी और से प्राप्त हुआ है।

3. अनुमान : उपरोक्त ज्ञान के दो रूपों से प्राप्त निष्कर्ष : भविष्य में निर्णय लेने एवं नीति नियोजन को संचालित करना।

कौटिल्य के शब्दों में ''राजा को धन और सम्मान से संतुष्ट रहने वालों का पक्ष लेना चाहिए। राजा को उन्हें संभालना चाहिए जो समझौते, उपहार, तनाव या बल के उपायों से भी संतुष्ट नहीं हैं। इस प्रकार, बुद्धिमान राजा को उन दुश्मनों के गुप्त भड़कावों से बचना चाहिए जो उनके क्षेत्र में ही उन लोगों को जिन्हें बहका सकते हैं और उन लोगों को जिन्हें बहका नहीं सकते हैं, चाहे स्थायी पद वाले हो या आम जनता, निशाना बनाते हैं।'' यहाँ उनकी मुख्य चिंता यह है कि कैसे राजा को सही सलाह देकर सशक्त बनाया जाए। यह भी सामान्य बोध का विषय है कि प्रजा इतनी आसानी से बहकावे में नहीं आती है जब उनकी मूलभूत आवश्यकताएँ पूरी कर दी जाती है; अगर यह अन्यथा है तो परिस्थिति और बिगड़ जाती है।

अच्छे प्रशासन के विचारक के रूप में, वे सप्तांग की अवधारणा को भी विकसित करते हैं जो बहुपक्षीय हित वाली जन-साधारण को संचालित करने के लिए आवश्यक है। आधुनिक सार्वजनिक प्रशासन के शब्दों में, सप्तांग की अवधारणा सात संरचनात्मक तत्त्वों की अभिव्यक्ति है जो इस प्रकार हैं – स्वामी (शासक), अमात्य (मंत्री), जनपद (उस क्षेत्र के लोग / जनता), दूर्ग (किला / राजधानी), कोष (निधि) व दंड (राज्य की अनिवार्य शक्ति – सशस्त्र सेना, गुप्त सेवा तथा पुलिस)

एक उपयुक्त नीति तैयार करने हेतु राजा के पास विभिन्न स्रोतों से जानकारी होना आवश्यक है। अत: उन्हें एक सु-व्यवस्थित गुप्त सेवा बनाये रखने की आवश्यकता है। कौटिल्य चार प्रकार की गुप्त सेवाओं का उल्लेख करते हैं : (i) पेशेवर गुप्तचर (कपटिका), एक वेतनभोगी सिविल सेवक, जो छद्मवेश में खुफिया कार्यों को करता है, वह भी लक्ष्य-आधारित (ii) भटकते हुए योगी (iii) राज्य द्वारा ख़ुफ़िया कार्यों के लिए नियुक्त कृषक, श्रमिक एवं व्यापारी (iv) धार्मिक रीति अनुष्ठान, ज्योतिष शास्त्र एवं मनोचिकित्सा से जुड़े हुए लोग। यह कौटिल्य के कहने पर स्पष्ट होता है कि ''राजा को धन और सम्मान से संतुष्ट रहने वालों का पक्ष लेना चाहिए। राजा को उन्हें संभालना चाहिए जो समझौते, उपहार, तनाव या बल के उपायों से भी संतुष्ट नहीं हैं। इस प्रकार, बुद्धिमान राजा को उन दुश्मनों के गुप्त भड़कावों से बचना चाहिए जो उनके क्षेत्र में ही उन लोगों को जिन्हें बहका सकते हैं और उन लोगों को जिन्हें बहका नहीं सकते हैं, चाहे स्थायी पद वाले हो या आम जनता, निशाना बनाते हैं।'' यह स्पष्ट है कि अर्थशास्त्र शासन-कला के लिए एक सार्थक राजनीतिक ग्रंथ है; यह आंशिक रूप से सत्य भी है क्योंकि तर्क की जटिलताओं को देखते हुए यह आसानी से कहा जा सकता है कि यह पाठ उन विचारकों के लिए एक पथप्रदर्शक है जो यह समझने में अपनी ऊर्जा समर्पित कर देते हैं कि कैसे और किन परिस्थितियों में एक राज्य को सशक्त किया जा सकता

है। उस अर्थ में, अर्थशास्त्र एक दारणात्मक रूप से अग्रणी रचना है।

तो कैसे एक राज्य कार्य करता है और अपनी ताकत बनाए रखता है; इस विषय में कौटिल्य के विचार अत्यंत स्पष्ट है। वे कुछ ऐसे स्त्रोतों से पहचान करवाते हैं जिनसे राज्य अपना निर्वाह करता है और समय आने पर मजबूत बनने की शक्ति भी प्रदान करती है; यह हैं – कर, कानूनों को सख्ती से लागू करने हेतु विधि व्यवस्था, राज्य की सीमा को बाहरी हमलों से बचने हेतु शक्तिशाली व्यवस्था, विदेशी व सैन्य प्रतिष्ठानों की एक सु-प्रशासित व्यवस्था एवं प्रभावी ख़ुफ़िया सेवा विभाग। इन उपकरणों की सहायता से, राज्य में बिना किसी कठिनाई के सत्ता बनी रहेगी। हालाँकि, एक खतरा है जो आज के शासन के समक्ष भी एक बड़ी समस्या है, वह है भ्रष्टाचार की समस्या। कौटिल्य के अनुसार, ''जिस तरह एक बार जीभ की सतह पर शहद या जहर रख देने के पश्चात् स्वाद न लेना संभव नहीं उसी प्रकार राजा के पैसों को सँभालने वालों के लिए उनके पैसों का, अल्प मात्र में ही सही, पर स्वाद न लेना संभव नहीं। जिस तरह पानी में तैरने वाली मछली को पानी पीते हुए नहीं देखा जा सकता है उसी प्रकार राजा के लिए कार्य करने वाले अधिकारीयों को भी पैसे लेते हुए नहीं देखा जा सकता है।'' यहाँ वे स्वीकारते हैं कि भ्रष्टाचार प्रशासन का एक अभिन्न अंग है, या दूसरे शब्दों में कहें तो इसे पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता, इसलिए राजा को भ्रष्टाचार के स्त्रोतों को अर्थपूर्ण रूप से उखाड़ने के उपाय निकलने होंगे। उनके अनुसार गरीबी प्रमुख कारकों में से एक है जो प्रजा को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है। इसलिए इस पर राजा को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए, जैसा कि कौटिल्य कहते हैं, ''प्रजा दरिद्र हो जाने पर लालची हो जाती हैं, लालच के कारण उनमें असंतुष्टि आ जाती है और असंतुष्ट प्रजा या तो शत्रु पक्ष की ओर चली जाती है या फिर खुद शासक का अंत कर देती है। इसलिए राजा को हमेशा लालच और असंतुष्टि जैसे ह्रास के इन कारणों को प्रजा के बीच उत्पन्न होने से रोकना होगा या अगर उत्पन्न हो भी गया तो तुरंत उनका निवारण करना होगा।'' अर्थशास्त्र के लेखक पूछते हैं कि कैसे प्रजा में असंतोष के स्त्रोतों को रोका जाए। उनके अनुसार इसके चार उपाय हैं और वह हैं – (i) समझौता (ii) उपहार (दान) (iii) तनाव (भेद) एवं (iv) बल (दंड)

निष्कर्षमूलक निरीक्षण

उपरोक्त विचारों के एक सतही आकलन से भी पता चलता है कि लेखक उन परिस्थितियों से अवगत है जिसमें राजा को अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए कार्य करना पड़ता है। राजा के व्यक्तिगत गुणों पर ध्यान केन्द्रित करने के अलावा लेखक एक ऐसे राज्य को विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं जो प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न या वास्तविक शिकायतों के आधार पर अथवा राजा को असमंजस्य में डालने के लिए जानबूझकर किये गए राजनीतिक संघर्ष जैसे अप्रत्याशित स्थितियों से निपटने में सक्षम हो। कौटिल्य का राज्य एक देशभक्त राज्य है जहाँ राज्य की नौकरशाही अपनी प्रारंभिक अवस्था में है। इसलिए यह आश्चर्य का विषय नहीं है कि मैक्स वेबर कौटिल्य के अनुवंशिक राज्य, जो नौकरशाही द्वारा समर्थित हो, के कुछ अवधारणाओं को (हालाँकि एक रूढ़िवादी रूप में) रखने हेतु प्रशंसा करते हैं और वह भी जर्मन

समाजशास्त्रियों के इस विषय पर उनके विचारों संहिताकृत करने से बहुत पहले।

वेबर का अनुवंशिक अधिकार सन्दर्भ कौटिल्य के राजा की अवधारणा से ही लिया गया है। अनुवंशिक अधिकार एक (विस्तारित) परिवार के अनुवंशिक वर्चस्व को एक जनजाति के समान राजनीतिक समुदाय पर शासन में परिवर्तित कर देता है जिससे अंतत: एक राज्य जैसी अस्तित्व विकसित होती है। यहाँ वर्चस्व के दो तत्वों पर जोर दिया गया है : (i) परंपरा की शक्ति एवं (ii) स्वामी, शासक अथवा राजा, के प्रति स्वामिभक्ति और निष्ठा। नियमानुसार, वेबर कहते हैं कि ''राजनैतिक अनुवंशिक शासक रूढ़िवादी समुदाय के माध्यम से शासित के साथ जुड़ा हुआ है, जो उनके उस स्वतंत्र सैन्य बल के अलावा भी मौजूद है जिसमें यह विश्वास निहित है कि शासक की शक्तियाँ अभी तक वैध तथा पारंपरिक है।'' राजा का प्रशासन अनुवंशिक (राजा के प्रति निष्ठ व्यक्ति) एवं सत्तावादी (विनियमित नौकरशाही) होती है। इसलिए कौटिल्य का अर्थशास्त्र बिना किसी तर्क के ही ''एक निरंकुश-राजशाही'' शासन को का सर्वोच्च रूप मानते हैं जो संभवत: प्राचीन भारत के शासन का रूप था। अत: अर्थशास्त्र एक प्रासंगिक प्रतिक्रिया है और अपने युग के अनुसार वह उस समय के शासन और प्रशासन के मापदंडों से परे सोचने में असमर्थ है। परन्तु इससे लेखक द्वारा प्रतिकूल परिस्थितियों में राज्य सत्ता बनाए रखने की पद्धति को समझाने में किये गए महत्वपूर्ण योगदान क्षीण नहीं हो सकता है। जैसा कि हम इतिहास में देख चुके हैं, 17वीं शताब्दी के इंग्लैण्ड या 17वीं शताब्दी के इटली की तरह, प्राचीन भारत के इतिहास में भी एक समय शासन सम्बंधित गंभीर समस्या उत्पन्न हुई थी और तब अधिकांश शासकों के पास वैधता भी नहीं थी कि वे एक वैध सत्ता के रूप में शासन कर पाएँ। ऐसी परिस्थितियों में, कौटिल्य ने एक मजबूत और वैध राज्य प्राधिकरण की सत्ता की स्थापना हेतु अपना यह ग्रंथ लिखा था। इस अर्थ में, अर्थशास्त्र को 'शक्ति संचय, शक्ति वितरण एवं शक्ति संरक्षण का एक राजनीतिक व्याकरण' कहा जा सकता है।

उत्सव एवं त्योहार

विश्वभारती के त्योहार एवं उत्सव अद्वितीय हैं तथा विश्वविद्यालय समुदाय के सदस्यों की जीवन-शैली को काफी हद तक प्रभावित किया है। इन अवसरों पर सम्पूर्ण समुदाय एक पारंपरिक आश्रम जीवन का अनुभव करने तथा मंदिर, छातिमतला व आम्रकुंज में वैदिक भजन एवं रवीन्द्रसंगीत गाने प्रकृति के विस्तृत, खुले सौन्दर्य में एकत्रित होते हैं।

शान्तिनिकेतन कर्मी मंडली ने वर्ष 2019-2020 के दौरान विश्वविद्यालय के निम्नलिखित त्योहारों व उत्सवों का आयोजन किया है :

1. 30 चैत्र, 1425 (14 अप्रैल, 2019) को बंगला वर्ष समाप्त होने के अवसर पर 'वर्ष शेष'।
2. 1 वैशाख, 1426 (15 अप्रैल, 2019) को बंगला नव वर्ष।
3. 22 श्रावण, 1426 (8 अगस्त, 2019) को गुरुदेव स्मरण, गुरुदेव की पुण्यतिथि के अवसर पर वृक्षरोपण किया गया।
4. 23 श्रावण, 1426 (9 अगस्त, 2019) को श्रीनिकेतन में हलकर्षण उत्सव मनाया गया।
5. 23 श्रावण, 1426 से 30 श्रावण, 1426 (9-16 अगस्त, 2019) तक रवीन्द्र सप्ताह मनाया गया। श्रीनिकेतन और शांतिनिकेतन में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के विभिन्न आयामों से संबंधित व्याख्यानों का आयोजन किया गया था।
6. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वभारती और बर्द्धमान विश्वविद्यालय के सदस्यों के बीच मैत्रीपूर्ण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।
7. 31 भाद्र, 1426 (18 सितम्बर, 2019) को शिल्प सदन, श्रीनिकेतन में शिल्पोत्सव का आयोजन किया गया।
8. 28 भाद्र, 1426 (15 सितम्बर, 2019) से 09 आश्विन, 1426 (27 सितम्बर, 2019) तक शारोदोत्सव मनाया गया जहाँ विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों के छात्रों द्वारा नाटक का आयोजन किया गया।
9. 28 सितम्बर, 2019 को छात्रों द्वारा पारंपरिक उत्सवों सहित एक विशेष उत्सव, आनंद बाज़ार, का आयोजन किया गया।
10. 09 कार्तिक, 1426 (27 अक्टूबर, 2019) को दीपावली मनाया गया।
11. 16 अग्रहायण, 1426 (03 दिसम्बर, 2019) को गौर प्रांगण में 'कीर्तन' गान।
12. 30 एवं 01 पौष, 1426 (17-18 दिसंबर, 2019) को लिपिका सभागार में 'शास्त्रीय संगीत संध्या'।

13. 02 पौष, 1426 (19 दिसंबर, 2019) को दिनेंद्र जन्मोत्सव मनाया गया।

14. 06 पौष, 1426 से 09 पौष, 1426 (23-26 दिसंबर, 2019) तक छातिमतला में 'पौषोत्सव', जिसे पौष मेला के नाम से भी जाना जाता है, मनाया गया। यह एक चार दिवसीय उत्सव है जहाँ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी एवं अन्य मनोरंजन का आयोजन किया गया।

15. 06 माघ, 1426 (21 जनवरी, 2020) को महर्षि देवेन्द्रनाथ ठाकुर के पुण्यतिथि पर 'महर्षि स्मरण' मनाया गया।

16. 23 माघ से 25 माघ, 1426 तक (06-08 फरवरी, 2020) श्रीनिकेतन का वर्षगाँठ मनाया गया। एक तीन दिवसीय उत्सव, जिसे माघ मेला भी कहा जाता है, जहाँ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, पटाखे एवं अन्य मनोरंजनों का आयोजन किया गया।

दीक्षांत समारोह, 2019

11 नवम्बर, 2019 को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महामहिम श्री रामनाथ कोविंद, भारत के माननीय राष्ट्रपति और विश्वभारती के कुलाध्यक्ष, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। डिग्री प्राप्त कर्ताओं कि कुल संख्या 4724 रहा जिसमें 1993 को स्नातक डिग्री, 2180 को स्नातकोत्तर डिग्री, 156 को एम.फिल डिग्री, 376 को पीएचडी डिग्री तथा 19 के शर्टिफिकेट कोर्स मिला।

अन्य उत्सव एवं त्योहरें

15 अगस्त, 2019	स्वतंत्रता दिवस
02 अक्टूबर, 2019	गाँधी जन्म जयंती
25 दिसंबर, 2019	ख्रीस्टोत्सव
23 जनवरी, 2020	नेताजी जयंती
25 जनवरी, 2020	माघोत्सव
26 जनवरी, 2020	गणतंत्र दिवस
12 फरवरी, 2020	दीनबंधु जन्मोत्सव
10 मार्च, 2020	गांधी पुण्यतिथि

ऐसे संकटमय समय में सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में, कर्मी मंडली ने विश्वविद्यालय प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन के सक्रीय समर्थन से कोविड-19 महामारी के कारण हुए लॉकडाउन के दौरान आसपास के 80 गाँवों / क्षेत्रों में राहत अभियान का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न हितधारकों के दान के माध्यम से एकत्रित किया गया रु. 14,09,220/- की वित्तीय सहायता से 15812 परिवारों को आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान किया गया है।

वित्त

विश्वविद्यालय दैनिक खर्चों के लिए सम्पूर्ण रूप से यू.जी.सी. के अनुदान पर निर्भर है जिसका एक प्रमुख भाग शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों पर वेतन, आदि के रूप में प्रयोग होता है। यू.जी.सी. से प्राप्त अनुरक्षण अनुदान रु. 318,66.44 लाख है जबकि वास्तविक व्यय रु. 1045.24 लाख के आंतरिक उत्पादन सहित रु. 336,77.38 लाख के बराबर है।

31 मार्च, 2020 तक शिक्षण कर्मचारियों की स्थिति :

पद	कुल
प्राध्यापक	151
सह प्राध्यापक	74
सहायक प्राध्यापक	234
सहायक व्याख्याता एवं समकक्ष	128
विद्यालयों के प्रधानाचार्य	2
कुल	**589**

31 मार्च, 2020 तक प्रशासनिक कर्मचारियों की स्थिति :

पद	कुल
समूह-'ए'	56
समूह-'बी'	196
समूह-'सी'	255
समूह-'डी'	169
कुल	**676**

31 मार्च, 2020 तक विद्यार्थी संघटन :

विश्वविद्यालय के छात्रों की कुल संख्या – 8504

पाठभवन व शिक्षासत्र के कुल विद्यार्थियों की संख्या - 2099

अध्याय-2

भाषाभवन

(भाषा, साहित्य और संस्कृति संस्थान)

भाषाभवन (भाषा, साहित्य और संस्कृति संस्थान) की स्थापना विभिन्न भाषा विभागों में समन्वय को आगे बढ़ाने के लिए 2010 में हुई। भाषाभवन के अंतर्गत हिंदी और दूसरे भारतीय भाषा विभाग जैसे संस्कृत, ओड़िया, बांग्ला, मराठी, अंग्रेजी तथा विदेशी भाषा विभाग जैसे चीनी, जापानी, भारत-तिब्बती, अरबी और फारसी हैं। 2014 में भाषाभवन एक नये स्वतंत्र भवन में स्थापित हुआ जिसमें भाषा प्रयोगशाला एवं अन्य सुविधाओं का भी प्रावधान है। इन सभी विभागों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर नियमित पाठ्यक्रम एवं एम.फिल. और पीएच.डी के स्तर पर शोधकार्य का प्रावधान है। सर्टिफिकेट और डिप्लोमा स्तर पर भाषा-शिक्षण का कार्य भी किया जाता है।

भाषाभवन में विदेशी विद्यार्थियों के लिए भाषा, साहित्य और संस्कृति विषयक एक वर्षीय संयुक्त आकस्मिक पाठ्यक्रम का भी प्रावधान है। संस्कृत विभाग के पांडुलिपि विज्ञान में छह महीने के पाठ्यक्रम का प्रावधान है। भाषाभवन के अंतर्गत संस्कृत, बांग्ला, ओड़िया, तिब्बती, अरबी और फारसी विभागों में महत्वपूर्ण पांडुलिपि भी विद्यमान हैं जिन्हें अच्छी प्रकार संरक्षित किया गया है। चीन भवन और हिंदी भवन में विभागीय पुस्तकालय हैं जिनमें क्रमश: 45,000 और 35,000 पुस्तकें हैं। अतिथि अध्यापक एवं विदेशी विद्वान भी भाषाभवन के विभागों में आ कर विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। चीन भवन में युन्नान विश्वविद्यालय के साथ छात्रों के आदान-प्रदान का कार्यक्रम संचालित किया जाता है। भाषाभवन में शिक्षा और उच्च मूल्यों के आधार पर गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के महान विचारों को प्रतिपादित करने के लिए राष्ट्रीय एकत्मकता और विश्वबंधुत्व के विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास होता है।

बांग्ला विभाग

जबसे (1951) विश्वभारती की शुरुआत हुई तब से बांग्ला विभाग बांग्ला में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर पाठ्यक्रम की शिक्षा देता है। तब से ही विभाग एम.फिल और पीएच.डी. स्तर पर शोधकार्य का संचालन करता है। विभाग में एक वर्षीय प्रमाण पत्र और दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम की भी शिक्षा दी जाती है।

यूजीसी नेट / स्लेट उत्तीर्ण प्रतिभागी

1. शिवनात दत्त	यूजीसी नेट
2. रज्जक अंसारी	”
3. दीप मंडल	”
4. मिताली विश्वास	”
5. सुजीत मंडल	”
6. हेमंत पाल	”

विभागीय गतिविधि :

27.07.2019 : प्रो. रबीन पाल ने ‘इतिहास और साहित्य विषयक’ संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।

18.08.2019 : प्रो. महुआ मुखोपाध्याय और डा. सुमन भट्टाचार्य ने ‘बांग्लार नाच बांग्लार गान’ विषयक संगोष्ठी में व्याख्यान दिए।

27.11.2019 : प्रो. सुनीति कुमार पाठक ने ‘रवीन्द्रनाथ स्मृति व्याख्यानमाला में भाषण दिए।

25.02.2020 : सोमनाथ चक्रवर्ती और डा. सर्वानंद चौधुरी ने ‘बाउल गान और बाउल दर्शन’ पर पश्चिमबंग बाउल अकादमी द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित संगोष्ठी में व्याख्यान दिए।

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन / संगोष्ठी / कार्यशाला / प्रदर्शनी में भागीदारी

मृणालकांति मंडल

16.11.2019 : बंगीय साहित्य और संस्कृति समिति, शांतिनिकेतन शाखा द्वारा बांग्लादेश भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक सत्र की अध्यक्षता की। विस्तार गतिविधि : सदस्य, वर्द्धमान विश्वविद्यालय की पाठ समिति। सदस्य, पाठसमिति स्नातकोत्तर अध्ययन, असम विश्वविद्यालय, सिलचर, असम।

अमल कुमार पाल

16.11.2019 : टूरिज्म विभाग, प. बंगाल सरकार एवं टूरिज्म मंत्रालय, नयी दिल्ली में संयुक्त तत्त्वावधान में विश्वभारती में आयोजित ‘रोडमैप फार द डेवलपमेंट आफ रुरल टूरिज्म इन एंड एराउंड वीरभूम शीर्षक

सम्मेलन में व्याख्यान दिया।

19.11.2019 : चंडीदास महाविद्यालय, खुजुटीपाड़ा के बांग्ला विभाग में 'बांग्ला छंद की रीति' पर व्याख्यान दिया।

सुदीप बसु

08.05.2019 : अंकारा भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित और आइ सी सी आर द्वारा समर्थित 'रवीन्द्रनाथ टैगोर : द वर्सटाइल जीनियस' शीर्षक व्याख्यान दिया। अंकारा टर्की।

09.05.2019 : आइ सी सी आर, भारत सरकार द्वारा समर्थित, इस्तांबुल विश्वविद्यालय में 'रवीन्द्रनाथ टैगोर : द सिंगर एंड कंपोजर' शीर्षक व्याख्यान दिया।

09.05.2019 : के.ओ.सी. विश्वविद्यालय, टर्की में आइ सी सी आर, भारत सरकार द्वारा समर्थित 'रवीन्द्रनाथ ठाकुर की चित्रकला और रेखांकन' पर व्याख्यान दिया।

17.06.2019-22.06.2019 : केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा द्वारा आयोजित कार्यशाला 'हिंदी-बांग्ला प्रारंभिक कोश' में भाग लिया।

05.08.2019-10.08.2019 : केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा द्वारा आयोजित द्वितीय कार्यशाला 'हिंदी-बांग्ला प्रारंभिक कोश में भाग लिया।

15.11.2019-20.11.2019 : केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा द्वारा आयोजित तृतीय कार्यशाला 'हिंदी-बांग्ला प्रारंभिक कोश में भाग लिया।

27.02.2020 : टैगोर राष्ट्रीय सांस्कृतिक शोध, संस्कृति मंत्रालय के राष्ट्रीय चयन समिति की बैठक में भाग लिया।

16.03.2020-21.03.2020 : केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा द्वारा आयोजित चतुर्थ कार्यशाला 'हिंदी-बांग्ला प्रारंभिक कोश' में भाग लिया।

विस्तार गतिविधि :

निदेशक (कार्यवाहक), इंदिरा गांधी केंद्र, विश्वभारती, 16.03.2019 से 02.01.2020.

अपर्णा राय

05.06.2019 : शरत समिति, कोलकाता द्वारा आयोजित सुबोध चंद्र सेनगुप्त स्मृति व्याख्यान 'शरत-साहित्ये वैष्णव नारी' शीर्षक व्याख्यान दिया।

31.08.2019 : सेंट जेवियर्स कालेज, कोलकाता में 'चैतन्य संस्कृति और मध्ययुगीन बांग्ला साहित्य' विषयक व्याख्यान दिया।

अभ्र बसु

28.09.2019 ; साधारण ब्रह्मसमाज, कोलकाता में आमंत्रित व्याख्यान दिया / शीर्षक : 'विद्यासागर एवं उनका समकालीन स्वीकरण'

05.12.2019 : निस्तारीणी महिला महाविद्यालय, पुरुलिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'विद्यासागर और भावी पीढ़ी' शीर्षक व्याख्यान दिया।

विस्तार गतिविधि :

वाह्य विशेषज्ञ, पाठसमिति, बांग्ला विभाग, जादवपुर विश्वविद्यालय

सुमिता भट्टाचार्य

31.03.2019-02.04.2019 : बांग्लादेश भवन, विश्वभारती में बंगीय साहित्य-संस्कृति संसद, ढाका द्वारा आयोजित 'रवीन्द्र सान्निध्य में शांता देवी' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में आलेख प्रस्तुत किया।

06.03.2020 : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर विश्वभारती में प्रेस सूचना ब्यूरो, कोलकाता के संयोजन में आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया और 'टैगोर और महिला सशक्तिकरण' शीर्षक परिपत्र प्रस्तुत किया।

मानवेन्द्रनाथ साहा

30.06.2019 : बांग्ला विभाग, चट्टग्राम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'काजी नजरुल इस्लाम और चलचित्र' शीर्षक परिपत्र प्रस्तुत किया।

मानवेन्द्र मुखोपाध्याय

24.10.2019 : बेजिंग विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय, चीन में आमंत्रित व्याख्यान दिया। विषय : बंगाली संस्कृति और भाग्य से उसकी टकराहट' (वहाँ दो विशेष कक्षाएँ ली)।

25.10.2019 : आमंत्रित फेलो के रुप में स्कूल आव क्रॉस कल्चर एंड वर्ल्ड लिटरेचर, तियानजिन नारमल विश्वविद्यालय, बेजिंग, चीन में 'टैगोर और आज' विषय पर व्याख्यान दिया।

30.09.2019 : आमंत्रित फेलो के रुप में स्कूल आव क्रॉस कल्चर एंड वर्ल्ड लिटरेचर, तियानजिन नारमल विश्वविद्यालय, बेजिंग, चीन में 'टैगोर और आज' विषय पर दूसरा व्याख्यान दिया।

21.01.2020 : संस्कृत विभाग, जादवपुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'विद्यासागर : चिंतार काठामो' शीर्षक परिपत्र प्रस्तुत किया।

05.03.2020 : उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय, जलपाइगुड़ी कैंपस द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'साहित्य और सिद्धांत' विषय पर परिपत्र प्रस्तुत किया।

विस्तार गतिविधि :

बांग्लादेश भवन, विश्वभारती का मुख्य संयोजक।

निर्मल कुमार मंडल

26.09.2019 : दुर्गापुर सरकारी महाविद्यालय में 'विद्यासागर का विधवाविवाह आंदोलन' विषय पर एक परिपत्र प्रस्तुत किया।

रीता मोदक

18.04.2019 : बांग्ला विभाग, विधानचंद्र महाविद्यालय, आसनसोल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'स्वाधीनता उत्तर बांग्ला उपन्यास में मध्यवित्त संकट' विषय पर परिपत्र प्रस्तुत किया।

10.03.2020 : रोटरी क्लब, बोलपुर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'एकुसेर मेयेरा' शीर्षक आमंत्रित व्याख्यान दिया।

अतनु सासमल

25.10.2019 : माइकल मधुसूदन मेमोरियल महाविद्यालय, दुर्गापुर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'उन्नीसवीं सदी की महिला साहित्यकारों के उपन्यासों में आत्मानुसंधान' विषय पर व्याख्यान दिया।

28.11.2019-29.11.2019 : कांदड़ा राधाकांत कुंडु महाविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'विधवा विवाह विषये विद्यासागर ओ एक अनाम व्यक्तित्व' पर व्याख्यान दिया।

23.02.2020 : अरबी, फारसी, उर्दू एवं इस्लामी अध्ययन विभाग मराठी विभाग तथा राजभाषा प्रकोष्ठ, विश्वभारती द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'अकादमी सत्र' VII में अध्यक्षता की।

23.02.2020 : अरबी, फारसी, उर्दू एवं इस्लामी अध्ययन विभाग, मराठी विभाग तथा राजभाषा प्रकोष्ठ, विश्वभारती द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'एक संगे, एक दिके, आगामी दिने : बांग्ला भाषा निये' विषय पर व्याख्यान दिया।

श्रीला बसु

10.06.2019 : टैगोर सेंटर, यू.के. लंदन में 'टैगोर की इरान-इराक यात्रा : एक नया सूर्योदय' विषय पर व्याख्यान दिया।

19.06.2019 : वोलफसान लेक्चर थियेटर, सोआस, लंदन विश्वविद्यालय, यू.के. 'बंगाल मंदिर टेराकोटा पर यूरोपीय प्रभाव' विषय पर व्याख्यान दिया।

18.08.2019 : इंदिरा सेंटर, विश्वभारती, शांतिनिकेतन में 'इंगलैंड में बंगाल शिल्प चर्चा का अनुभव' विषय पर व्याख्यान दिया।

विश्वजीत राय

23.06.2019 : एशियाटिक सोसाइटी और विद्यासागर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'ईश्वरचंद्र विद्यासागर, देशी भाषाओं की पहचान' शीर्षक परिपत्र प्रस्तुत किया।

21.09.2019 : भवानीपुर एडुकेशन सोसाइटी कॉलेज, कोलकाता द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'ईश्वरचंद्र विद्यासागर की भाषा नीति' विषय पर परिपत्र प्रस्तुत किया।

20.02.2020 : उलूबेड़िया कॉलेज हावड़ा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'रिलिंकिग प्री-कोलोनियल एज ए डिसकर्सिव केटेगरी' विषय पर परिपत्र प्रस्तुत किया।

मिलन कांति विश्वास

23.09.2019-24.09.2020 : कवि जयदेव महाविद्यालय, इलमबाजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'जयदेव ओ वैष्णव पदावली शीर्षक व्याख्यान दिया।

26.09.2019 : दुर्गापुर शासकीय महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'समाज संस्कारक विद्यासागर' विषय पर व्याख्यान दिया।

विस्तार गतिविधि

सेमिनार पुस्तकालय के प्रभारी / विभागीय नाक समिति का सदस्य

पायल मुखर्जी

20.02.2020-23.02.2020 : अरबी, फारसी, उर्दू और इस्लामी अध्ययन विभाग, विश्वभारती द्वारा आयोजित 'टुगेदर टुवाड्र्स टुमोरो' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक सत्र की अध्यक्षता की।

20.02.2020 : अरबी, फारसी, उर्दू और इस्लामी अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'समाज बदलेर स्वप्न ओ बादल सरकारेर वर्ड थियेटर' विषय पर व्याख्यान दिया।

31.03.2019-02.04.2019 : बंगीय समिति, शांतिनिकेतन और बंगीय समिति, ढाका द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'बांगालीर थियेटर : आत्मपरिचयेर साधना विषय पर व्याख्यान दिया।

पेशागत विकास कार्यक्रम :

'पारंगत' पाठ्यक्रम पूरा किया / राजभाषा हिंदी, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नयी दिल्ली।

15.11.2019-21.11.2019 : ओपेन सोर्स सोफ्टवेयर आनलाइन रिपोर्ट सिस्टम पर पाठ्यक्रम पूरा किया / यू.जी.सी., एच.आर.डी.सी., वर्द्धमान वि.वि.

प्रकाशन :

पुस्तकें

मृणाल सेन : चलचित्र संधाने, मानवेंद्रनाथ साहा, कोलकाता, परंपरा, जनवरी 2020, ISBN 9788-194-3875.03

चलचित्रे आख्यानेर रुपांतर, मानवेंद्र साहा, कोलकाता, परंपरा, जनवरी, 2020 ISBN 978-93-88341-42-4

गुनमय मान्ना उपन्यास समग्र, संपा. मानवेंद्र मुखोपाध्याय, कोलकाता, एवं मुशायरा, अप्रैल 2019, ISBN 978-81-940171-2-7

मालती पुथिर एकचल्लीस पृष्ठा ओ अन्यान्य, पशुपति शासमल, अतनु शासमल (संपा.) कोलकाता-09, सप्तर्षि प्रकाशन, अक्टूवर 2019, ISBN : 9789387158931

बांग्ला गद्य विकासेर धाराय स्वामी विवेकानंदेर गद्य रचना : नाना प्रसंग, विश्वजीत राय, कोलकाता, प.बंगाल राज्य पुस्तक बोर्ड, जुलाइ 2019, ISBN 978-81-247-0790-6

संपर्केर एक ओ नाना, विश्वजीत राय, हुगली, सिसृक्षा, दिसंबर 2019, ISBN : 978-81-942751-6-9

योगायोग, विश्वजीत राय, कोलकाता, प.बंगाल स्टेट बुक बोर्ड, जन 2020, ISBN : 978-81-247-0750-0

पत्र-पत्रिकाओं में आलेख्र / पुस्तकों में अध्याय :

"जातीयतावादी बंकिमचंद्र ओ दुइ जातीयतावादी ऐतिहासिक", सुदीप बसु, स्वस्तिका पूजा संख्या, 1426 B.S.

"चलो जाइ बोरीसाल : अमिय चक्रवर्ती", सुमिता भट्टाचार्य, 'अरकेस्ट्रा', बहरमपुर, प. बंगाल।

"नट सम्राट डा. श्रीराम लागू", मानवेन्द्रनाथ साहा, मासिक छत्रिवास, फरवरी 2020, कोलकाता-2

"भारतीय चलचित्रे दांगार रुपायण", मानवेन्द्रनाथ साहा, मासिक कृत्तिवास, मार्च 2020, कोलकाता-2

"आख्यानेर चलचित्रायण : रमापद चौधुरीर उपन्यास, मानवेन्द्रनाथ साहा, आख्यानेर चलचित्रायण, संपा. सैफुल अहमद, कोलकाता, उड़ालकथा, जनवरी 2020, pp. 201-209, ISBN : 978-93-87003-2-8

कमलकुमारेर कथासाहित्य ओ दुइ-चारटि गल्पो, मानवेन्द्र मुखोपाध्याय, प्रसंग : कमल कुमार, संपा. सैफुल अहमद, कोलकाता, ISBN : 978-93-83200-71-2

"प्रबुद्ध अश्रकुमार", मानवेन्द्र मुखोपाध्याय, एवं मुशायरा, कोलकाता, अप्रैल-जून 2019, pp 65-69, ISSN : 0976-9307

"रवीन्द्रनाथ ओ उत्तरा" श्रीला बसु, सुमिताक्षर, सम्पा. आलोक चक्रवर्ती, आशादीप, कोलकाता, नवंबर 2019, ISBN 978-88868-29-7

	प्रोफेसर, गणित विभाग, पश्चिम बंगाल राज्य विश्वविद्यालय	(अपराह्न 4.00-5.30) 06.03.2020 (पूर्वाह्न 10.00-11.30)	टोपोलोजी
4	प्रो. एस.डी. सरकार, प्रोफेसर गणित विभाग उत्तर बंग विश्वविद्यालय	03.02.2020 (अपराह्न 3.00-4.30) 04.02.2020 (अपराह्न 3.00-4.30)	कैंटर्स सेट और इसकी संपत्तियाँ
5	डॉ. काजल मंडल गणित विभाग, वी.भी.यू., कुचबिहार	12.12.2019-13.12.2019 (मध्याह्न 12.00-अपराह्न 1.00)	अनुप्रयुक्त गणित में गणित शिक्षा की चुनौतियाँ

कला भवन

डिज़ाइन विभाग

कला भवन के अंतर्गत डिज़ाइन विभाग अपनी शतवर्ष पूर्ति के आलोक में अपने गरिमामय इतिहास एवं भविष्योन्मुखी दृष्टि के साथ खड़ा है। हालाँकि (विशेष पत्र) विशेषज्ञता के रुप में डिज़ाइन विभाग में कपड़ा / वस्त्र तथा सेरामिक (चिनी मिट्टी) के चयन की शुरुआत अपने सीमित साधनों के साथ 1980 में हुई पर सामान्य रुप से इसकी चर्चा कला भवन के प्रारंभिक काल से ही थी। एक समय उन्होंने राष्ट्रीय कला आंदोलन का रास्ता दिखा कर इसे विश्व मानचित्र में मान्यता दिलायी थी। अब पूरे देश में ये दो विभाग [वस्त्र /कपड़ा एवं सेरामिक (चिनी मिट्टी) तथा काँच पर की गयी कला] काफी प्रसिद्ध है। अगर हम अपने इन विभागों की चर्चा वर्त्तमान राष्ट्रीय कला जगत् के दूसरे संस्थानों के परिप्रेक्ष्य में करे तो ये दो उप-विभाग अभिव्यक्ति एवं आय के माध्यम के रुप में एक खास माध्यम का प्रतिनिधित्व करते हैं जो सफल माने जा सकते हैं। ये व्यावसायिक एवं रचनात्मक दोनों दृष्टि से महत्त्वपूर्ण एवं प्रायोगिक हैं। ये माध्यम प्राचीन होते हुए भी नवीन प्रयोगों की पूरी संभावना रखते हैं। हाल ही में 2014 ई. से ग्लास / काँच को भी माध्यम के रुप में विभाग में शामिल किया गया है। प्राचीन ज्ञान एवं नवीन प्रयोगों की संभावना रखने वाला यह माध्यम स्पष्ट रुप से विद्यार्थियों की रचनात्मकता को एक नया आयाम प्रदान कर रहा है।

हमारा उद्देश्य है इस विभाग को न केवल देश के शीर्ष संस्थानों में से एक बनाना अपितु गुणवत्ता एवं सुविधाओं में विस्तार करके इसे अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों पर भी खरा उतारना ताकि विश्व के हर प्रांत से विद्यार्थी यहाँ आने को इच्छुक हों। डिज़ाइन विभाग के अंतर्गत दो प्रमुख पाठ्यक्रम हैं — जैसे — बी.एफ.ए. / डी.एफ.ए., एम.एफ.ए. (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) / ऐडवांस डिप्लोमा कपड़ा / वस्त्र डिज़ाइन में। एवं ग्लास /काँच डिज़ाइन में बी.एफ.ए. / डी.एफ.ए., एम.एफ.ए. / ऐडवांस डिप्लोमा (स्नातक एवं स्नातकोत्तर)।

इन दो प्रमुख पाठ्यक्रमों के अलावा डिज़ाइन विभाग के अंतर्गत — दो वर्ष का सर्टिफिकेट कोर्स, विदेशी विद्यार्थियों के लिए एक वर्ष का कोर्स और भारतीय विद्यार्थियों के लिए एक वर्ष का कैजुअल / अनौपचारिक कोर्स; शामिल है।

विभाग के पास उत्कृष्ट शिक्षकों का एक दल है जो अपने-अपने विषय एवं क्षेत्रों में अपने रचनात्मक प्रदर्शन द्वारा ख्याति एवं मान्यता प्राप्त हैं।

प्रत्येक वर्ष आचार्य नंदलाल बसु की जन्मतिथि के अवसर पर विभाग द्वारा उसके शिक्षक एवं विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यो का प्रदर्शन नंदन मेले में सफलतापूर्वक किया जाता है। निर्धारित शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त विद्यार्थीगण विविध प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं में भी शामिल होते हैं।

डिज़ाइन विभाग इसके साथ ही जैव एवं पारम्परिक माध्यमों द्वारा कला की अभिव्यक्ति का एक सशक्त केन्द्र पूरे देश में अद्बितीय उदाहरण है। वस्त्र / कपड़ा डिज़ाइन में इस विभाग का भारतीय तथा

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रयोग एवं आधुनिकरण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान है।

अन्त: विभागीय एवं अन्त: विधागत सहभागिता और डिज़ाइन विभाग – अंत:-विधा कार्यक्रमों के अंतर्गत यह उल्लेखनीय है कि डिज़ाइन विभाग के स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय के दूसरे विभागों के विषयों को शामिल किया गया है। उदाहरण स्वरूप – कला का इतिहास, रवीन्द्र चर्चा विभाग एवं पर्यावरण शिक्षा विभाग।

दूसरे विश्वविद्यालयों, व्यावसायिक एवं अन्य विदेशी संस्थानों के साथ संयुक्त रूप में पाठ्यक्रमों का आयोजन :

वर्त्तमान समय में कला भवन, विशेषत: डिज़ाइन विभाग ने देश-विदेश के संस्थानों एवं विद्यार्थियों के लिए अपनी सिमेस्टर पद्धति के पाठ्यक्रमों के द्वार खोल दिये हैं। जहाँ विद्यार्थी अपनी पसंद के विषय एवं पाठ्यक्रम का चयन स्वयं कर सकते हैं।

वहीं इस विभाग के विद्यार्थी भी सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक लेन-देन / स्थानांतरण के तहत विदेशी विश्वविद्यालयों; जैसे – फ्रांस, नेदरलैंड, थाइलैंड आदि में पाँच वर्षो के लिए अध्ययन के लिए जा सकते हैं अथवा दूसरे देशों के विद्यार्थी भी यहाँ आ सकते हैं।

विभागीय संगोष्ठी (वक्ता, संगोष्ठी का विषय, तिथि संगोष्ठी / कला संबंधी वक्तव्य)

कार्यशाला / प्रदर्शन – सेरामिक (चीनी मिट्टी) एवं काँच :

- 2019, 14 से 16 अक्टूबर – प्रो. लक्ष्मण गौड़ द्वारा डिज़ाइन विभाग (सेरेमिक एवं काँच) में आयोजित कार्यशाला। (तुलसियाँ फैमिली बेनिफिशियरी ट्रस्ट, कोलकाता द्वारा प्रायोजित)।
- 2019, 20 से 22 नवम्बर – कला वार्त्ता एवं प्रभाकर कोटले के साथ डिज़ाइन विभाग (सेरेमिक एवं काँच) में कार्यशाला। (तुलसियाँ फैमिली बेनिफिशियरी ट्रस्ट, कोलकाता द्वारा प्रायोजित)।
- 2020, 13-22 मार्च – दो जाने-माने सेरमिस्ट पी.आर. दारोज़ एवं दिपाली दरोज़ द्वारा डिज़ाइन विभाग (सेरामिक एवं ग्लास) में आयोजित कार्यशाला। (तुलसियाँ फैमिली बेनिफिशियरी ट्रस्ट, कोलकाता द्वारा प्रायोजित)।
- 2020, 13-17 जनवरी – विभाग में आयोजित राकू कार्यशाला एवं प्रदर्शनी।

कार्यशाला एवं प्रदर्शन – कपड़ा / वस्त्र :

- 2019, 27 जुलाई – मेंडोज़ा, अर्जैन्टीना के कलाकार ऑस्टीन विला द्वारा छायाचित्रों (Photography / फोटोग्राफी) की प्रदर्शनी।
- 2019, 9 सितम्बर – बरोदा, गुजरात के प्रदीप सिन्हा एवं माला सिन्हा द्वारा प्रस्तुति – "सस्टेनेबल प्रैक्टिस एट बोधी – ए स्मॉल डिज़ाइन स्टूडियो"। यह प्रस्तुति कला भवन, विश्वभारती शांतिनिकेतन के 'कला के इतिहास' विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गयी थी।

- 2020, 3 जनवरी – कलाकार का वक्तव्य / 2020 – प्रो. जिचा (Jon Jicha), वैस्टर्न कैरोलीना विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका।
- 2020, 3 फरवरी – प्राकृतिक नील (Natural Indigo Dye) पर कार्यशाला। आमंत्रित विशेषज्ञ व्यक्ति – श्री प्रदीप पोल्ले, बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल।

सिर्फ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन / संगोष्ठी / कार्यशाला / प्रदर्शनी आदि। शिक्षकों एवं शोधार्थियों की भागीदारी, पूर्ण विवरण सहित। (Vide Annexure II) परिशिष्ट II देखें

गौतम दास [सेरमिक (चिनी मिट्टी) / एवं काँच]

कार्यशाला (अंतर्राष्ट्रीय)

- 2020 फरवरी – कर्बी, थाइलैंड में एक अंतर्राष्ट्रीय कला कार्यशाला में सहभागिता।
- 2019, अगस्त – (SSVAD) एस.एस.वी.ए.डी. शांतिनिकेतन में अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में सह भागिता।

प्रदर्शनी (राष्ट्रीय)

- 2019, 23 नवम्बर-21 दिसम्बर – बिरला अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स एंड कल्चर, कोलकाता द्वारा आयोजित सामुहिक प्रदर्शनी, विषय – ''रिमेंबरिंग दिनकर कौशिक''।

1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान अन्य उल्लेखनीय उपलब्धी

- 13-17 जनवरी 2020 – डिज़ाइन विभाग में राकू कार्यशाला एवं प्रदर्शन।
- 13-22 मार्च 2020 – डिज़ाइन विभाग, कला-भवन, विश्वभारती शांतिनिकेतन में आयोजित पी.आर. दरोज़ एवं दिपाली दरोज़ के सेरामिक / चीनी मिट्टी के कार्यशाला में शामिल हुए।

शिशिर साहाना (चीनी मिट्टी / सेरेमिक और काँच)

कार्यशाला

(राष्ट्रीय)

- 2020, 25-30 फरवरी – 'ए ट्रिब्यूट टू सूर्यप्रकाश', एल.वी. प्रसाद, आई इंस्टीट्यूट, हैदराबाद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला का संचालन एवं भागीदारी।

(अंतर्राष्ट्रीय)

- 2020, 2-8 जनवरी – मृत्तिका आर्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित सेरेमिक पर प्रथम अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला एवं (Symposium) संगोष्ठी।

प्रद्रशनी

(राष्ट्रीय)

- 2019, 11 अक्टूबर से 5 नवम्बर, एकल प्रदर्शनी ''ओल्ड सीड्स'', कलाकृति आर्ट गैलरी, हैदराबाद।
- 2020, 6 दिसम्बर से 8 जनवरी, एकल प्रदर्शनी, ''ए डायलॉग विद सॉएल'', गनेश गैलरी, नई दिल्ली।
- 2020, 8 फरवरी – 7 मार्च, ''ए डायलॉग विद सॉएल'', फोरम आर्ट गैलरी।
- 2019, 23 नवम्बर – 21 दिसम्बर, सामूहिक प्रदर्शनी, ''दिनकर कौशिक शत वर्ष पूर्ति प्रदर्शनी'', बिरला अकैदमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता। कलाभवन, प्राक्तनी संगठन द्वारा आयोजित।

(अंतर्राष्ट्रीय)

- 2020, 30 जनवरी से 2 फरवरी, आर्ट पिलग्रिम द्वारा प्रस्तुत अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी, इंडियन आर्ट फेयर दिल्ली में।
- 2020, 30 जनवरी – 2 फरवरी, आर्ट गैलरी गनेश द्वारा इंडियन आर्ट फेयर, दिल्ली में प्रस्तुत अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी।

संगोष्ठी / प्रस्तुति

(राष्ट्रीय)

- 2019, 31 अगस्त से 2 सितम्बर – अपनी कलाकृतियों का एकल प्रदर्शन – ''ओल्ड सीड्स'', नंदन, कला भवन, शांतिनिकेतन।
- 2019, 6-29 सितम्बर, एकल प्रदर्शनी, ''ओल्ड सीड्स'', इमामी आर्ट गैलरी, कोलकाता।

(अंतर्राष्ट्रीय)

- 2019, 27-29 नवम्बर, थाइलैंड के बुराफा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता। विषय – ''ब्रेक द बैरियरस, डिज़ाइन द फ्यूचर''।

1 अप्रैल 2019-31 मार्च 2020 के बीच अन्य महत्त्वपूर्ण उपलब्धि

- पश्चिम बंग सरकार द्वारा प्रदत्त कार्य के अंतर्गत बोलपुर में रवीन्द्रनाथ की काँच पर बनी कलाकृति का निर्माण एवं स्थापना। ऊँचाई – 24 फिट, व्यास 6 फिट।
- 2020, 13-17 जनवरी, डिज़ाइन विभाग में राकू व्याख्यान तथा कार्यशाला।
- 2020, 12-22 मार्च, पी.आर. दरोज़ एवं दिपाली दरोज़ द्वारा सेरमिक पर आयोजित कार्यशाला, डिज़ाइन विभाग, कला भवन, विश्वभारती में सहभागिता।

साक्षीगोपाल दास (वस्त्र / कपड़ा)

- 2020, 12-22 मार्च – पी.आर. दरोज़ एवं दिपाली दरोज़ द्वारा सेरमिक पर आयोजित कार्यशाला में

सहभागिता। डिज़ाइन विभाग, कलाभवन, विश्वभारती।

- 2020, 13-17 जनवरी – डिज़ाइन विभाग राकू व्याख्यान एवं कार्यशाला।
- विविध कार्यक्रमों में सहयोगिता एवं सांस्कृतिक आयोजनों में साज-सज्जा का दायित्व।

देवाशीष महालनबीश (वस्त्र / कपड़ा)

प्रकाशन

- 'ऑनलाइन रिव्यू ऑन खादी फैब्रीक्स इन इंडिया', जर्नल ऑफ द टेक्सटाइल ऐसोसिएशन, ISSN 0368-4636, अंक 79, संख्या-3, अक्टूबर 2018.

अध्यक्षता / मूल्यांकन

- निर्णायक की भूमिका, कला प्रतियोगिता में प्राथमिक चुनाव के लिए, डी.वी.सी.
- निर्णायक, अंतिम निर्वाचन, राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता, डी.वी.सी.

1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के बीच अन्य महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ

- ''टेक्सचर, कम्फर्ट एंड डिज़ाइन ऑफ खादी फैब्रिक'' विषय पर विश्वभारती द्वारा पी.एच.डी. की उपाधि की प्राप्ति 20.12.2019 को।
- 2020, 13-17 जनवरी, विभागीय राकू कार्यशाला एवं व्याख्यान।
- पी.आर. दरोज़ और दिपाली दरोज़ द्वारा आयोजित सेरमिक पर विभागीय कार्यशाला में सहभागिता। 2020, 12-22 मार्च।

वानतन्वी दास महापात्र (वस्त्र / कपड़ा)

प्रदर्शनी : (राष्ट्रीय)

- 2020, मई, ऑनलाइन सामूहिक प्रदर्शनी, शांतिनिकेतन सोसाइटी ऑफ विजुअल आर्ट एंड डिज़ाइन के सदस्यों की प्रदर्शनी।

(अंतर्राष्ट्रीय)

- 2019, दिसंबर – ''न्यू क्राफ्ट'', ए ग्रूप ऑफ एक्ज़ीबीशन, सींगुआ विश्वविद्यालय, बिजिंग, चीन।
- 2019, नवम्बर, ''दिनकर कौशिक के शतवर्ष पूर्त्ति के अवसर पर प्रदर्शनी'', ए ग्रूप ऑफ एक्ज़ीबीशन, बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कलकत्ता।

अध्यक्षता / मूल्यांकन / समायोजन

- 27/07/2019, छायाचित्र (फोटोग्राफ) प्रदर्शनी। कलाकार – अगस्टीन विला, मेंडोज़ा, अर्जेन्टीना।
- 09/09/2019 प्रदीप सिन्हा एवं माला सिन्हा बड़ौदा, गुजरात द्वारा प्रस्तुति सस्टेनेबल प्रैक्टीसेज़ एड

बोधी : ए स्मॉल डिज़ाइन स्टूडियो'' यह प्रस्तुति 'कला का इतिहास', विभाग, कला भवन, विश्वभारती शांतिनिकेतन के संयुक्त प्रयास द्वारा आयोजित किया गया।

- 03/01/2020, प्रो. जॉन जिचा का वक्तव्य, वेस्टर्न कैरोलिना विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका।
- 2020, 24 से 27 फरवरी, प्राकृतिक नील पर श्री प्रदीप पोल्ले, बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल की कार्यशाला।
- 2019, दिसंबर, नंदन मेला, कला-भवन, शांतिनिकेतन के आयोजन में सहभागिता।

1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च, 2020 के बीच अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ :

- 2020, जनवरी, नंदन आर्ट गैलरी, कला-भवन में सामूहिक प्रदर्शनी।

मैडी लिंडा (सेरेमिक एवं काँच)

कार्यशाला (राष्ट्रीय)

- 16-25 नवम्बर, 2019 – हज़ारीबाग, झारखंड, ''टेराकोटा वर्कशॉप फॉर पॉटरी''।

प्रदर्शनी (राष्ट्रीय)

- 2019, 7-30 सितम्बर। नई दिल्ली के गैलरी वन में सामूहिक शो, सेरामिक्स पर ''इमर्जिंग फ्रॉम द अर्थ''।
- 2019, 23 नवम्बर से 21 दिसम्बर 'दिनकर कौशिक को याद करते हुए' – बिड़ला अकादमी ऑफ फाइन आर्ट एंड कल्चर, कलकत्ता द्वारा आयोजित सामुहिक प्रदर्शनी।

1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के बीच अन्य महत्त्वपूर्ण उपलब्धी

- 2019, 20-22 नवम्बर। प्रभाकर कोल्ले द्वारा आयोजित, चित्रकला कार्यशाला एवं व्याख्यान, कला-भवन, विश्वभारती, शांतिनिकेतन में सहभागिता।
- 2019, 14-16 अक्टूबर। प्रो. लक्ष्मा गौड़ द्वारा संचालित सेरमिक कार्यशाला (विभागिय कार्यशाला)।
- 2020, 12-22 मार्च, पी.आर. दरोज़ एवं दिपाली दरोज़ द्वारा संचालित विभागीय कार्यशाला।
- 2020, 13-17 जनवरी। विभाग में राकू कार्यशाला एवं व्याख्यान।

अध्यक्षता / सदस्यता

- 2020, प्रभारी शिक्षक, बी.एफ.ए. (फाउंडेशन / बुनियादी) विद्यार्थी, कला भवन, विश्वभारती।
- 2019, 1-2 दिसम्बर, नंदन मेला की समन्वयक एवं संयोजक।
- 2020, 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस की साज-सज्जा।
- 2019, 21 सितम्बर, अंतर-विश्वविद्यालयी, उत्सव एवं चयन परीक्षण (युवा उत्सव) 2019 प्रतिस्पर्धा, ललित कला, विश्वभारती, शांतिनिकेतन (प.बं.)।

- 16/05/2019 बाह्य परीक्षक के रूप में प्रायोगिक परीक्षा, एम.एफ.ए. (पॉटरी एंड सेरमिक्स) प्लास्टिक आर्ट विभाग, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में कार्य।
- 2019-2020, प्रोग्रामर ऑफिसर एन.एस.एस. यूनिट, कला-भवन, विश्वभारती, शांतिनिकेतन।
- 2020, 12-22 मार्च। अंतरविभागीय कार्यशाला, दरोज़ द्वारा संचालित।
- कलाभवन, विश्वभारती के लिए नैक (एन.ए.ए.सी.) की प्रस्तुति।
- पौष उत्सव, 2019, दिसम्बर। छातिमतला में मोमबत्तियों से साज-सज्जा।
- 2019-2020, एन.एस.एस. यूनिट, कलाभवन, विश्वभारती की प्रोग्राम ऑफिसर।

भावना खजूरिया बसुमतारी (सेरामिक, ग्लास)

कार्यशाला (राष्ट्रीय)

- 2019, कला एवं संस्कृति विभाग, मेघालय सरकार, शिलॉग द्वारा आयोजित कार्यशाला, 'मोनो प्रिंटिंग' में अतिथि विद्वान के रूप में आमंत्रित।

प्रदर्शनी (राष्ट्रीय)

- 2019, बिड़ला अकैदमी ऑफ फाइन आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता द्वारा आयोजित प्रदर्शनी।
- ''दिनकर कौशिक के स्मरण में'' 23 नवम्बर से 21 दिसम्बर तक।

1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के बीच अन्य महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ

- 20-20 नवम्बर 2019, प्रभाकर कोल्टे द्वारा सम्पादित चित्रकला कार्यशाला एवं व्याख्यान, कला भवन, विश्वभारती, शांतिनिकेतन।
- 2019, 14-16 अक्टूबर, प्रो. लक्ष्मा गौड़ द्वारा सेरामिक कार्यशाला, डिज़ाइन विभाग।
- 2020, 13-22 मार्च, पी.आर. दरोज़ एवं दिपाली दरोज़ की सेरमिक कार्यशाला (विभागीय कार्यशाला) के सह-संयोजक।
- 2020, 13-17 जनवरी विभाग में राकू कार्यशाला एवं व्याख्यान।

अध्यक्षता / मूल्यांकन एवं प्रस्तुति

- 2020, कला भवन, विश्वभारती, शांतिनिकेतन (परिसर) के उप-प्राचार्य के रूप में नियुक्ति।
- 2019, सेंटर फॉर वीमेंस स्टडीज़, विश्वभारती, शांतिनिकेतन द्वारा आयोजित कार्यशाला – ''सोशियो कल्चरल चेंजेज़ इन द विलेजेस सराउंडिंग विश्वभारती डिउ टू गर्ल चाइल्ड एजूकेशन'' के सत्र अध्यक्ष / सभापति।
- नैक (एन.ए.ए.सी.) कोर कमिटी, 2019 विश्वभारती शांतिनिकेतन के निर्वाचित सदस्य।

- 2019 दृश्यकला की प्रायोगिक परीक्षा, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के बाह्य परीक्षक।
- 2019, कलाभवन, विश्वभारती, शांतिनिकेतन के ऐंटी रैगिंग कमिटी की सदस्यता।
- 2019, नंदन मेला, कला भवन, विश्वभारती, शांतिनिकेतन की सह-संयोजक।
- 2019, डिसिप्लिनरी कमीटी, डिज़ाइन विभाग, कलाभवन, विश्वभारती शांतिनिकेतन की सदस्यता।
- 2019, सदस्य, स्टूडियो कमिटी, विश्वभारती, शांतिनिकेतन।

देवाशीष दास (सेरमिक और काँच)

कार्यशाला (अंतर्राष्ट्रीय)

- 2020, 2-8 जनवरी, मृत्तिका आर्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सेरमिक संगोष्ठी एवं कार्यशाला।
- 2020, 19-23 जनवरी – इंडो कोरियन रेज़ीडेंसी, संगोष्ठी, चेन्नई द्वारा आयोजित 'अर्थ मैटर्स ३'।

प्रदर्शनी (राष्ट्रीय)

- 2020, 1 फरवरी से 15 मार्च। '15 कोन्टेम्परारी सेरमिक आर्टिस्ट एक्ज़ीबिशन', कोलकाता में सहभागिता।
- 2020, 26 फरवरी – 5 मार्च। चेन्नई में इंडो कोरियन सेरमिक प्रदर्शनी के अंतर्गत 'अर्थ मैटर्स 3' में सहभागिता।
- 2019, 6-30 सितम्बर। गुड़गाँव में सेरमिक पर प्रदर्शनी – 'इमर्जिंग फ्रॉम द अर्थ' में भागीदारी।
- 2019, 23 नवम्बर – 21 दिसम्बर, कलकत्ता के बिड़ला अकैदमी ऑफ फाइन आर्ट एंड कल्चर द्वारा आयोजित सामूहिक प्रदर्शनी – 'दिनकर कौशिक के स्मरण में'।

1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के बीच अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

- 2020, 12-22 मार्च। पी.आर. दरोज़ और दिपाली दरोज़ द्वारा संचालित सेरमिक कार्यशाला, डिज़ाइन विभाग, कलाभवन, विश्वभारती के सह संयोजक।
- 2019, 20-22 नवम्बर, प्रभाकर कोल्टे द्वारा संचालित चित्रकला व्याख्यान एवं कार्यशाला, कलाभवन, विश्वभारती शांतिनिकेतन में सहभागिता।
- 2019, सूचना-पत्र / पोस्टर प्रतिस्पर्द्धा के प्रभारी। अंतर-विश्वविद्यालय उत्सव एवं चयन परीक्षण – 21/09/2019 को।
- 03/12/2019, नंदन मेला वनभोज कमिटी के सह संयोजक।
- 2020, 13-17 जनवरी, विभागीय राकू व्याख्यान एवं कार्यशाला।
- 2019, 14-16 अक्टूबर। प्रो. लक्ष्मा गौड़ द्वारा संचालित सेरमिक कार्यशाला। डिज़ाइन विभाग।

अर्चना दास (सेरमिक एवं काँच)

कार्यशाला (अंतर्राष्ट्रीय)

- 2019, 10-11 जून। नंदन, शांतिनिकेतन सोसाइटी, लेकटाऊन, कोलकाता द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेरमिक कार्यशाला (दो चरणों में आयोजित)।

प्रदर्शनी (राष्ट्रीय)

- 2019, 23 नवम्बर से 21 दिसम्बर तक बिड़ला अकादमी ऑफ फाइन आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता द्वारा आयोजित सामूहिक प्रदर्शनी ''दिनकर कौशिक के स्मरण में''।

1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के बीच अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि

- 2019, 20-22 नवम्बर, प्रभाकर काल्टे द्वारा कलाभवन, विश्वभारती, शांतिनिकेतन में आयोजित चित्रकला संबंधी कार्यशाला एवं व्याख्यान में भागीदारी।
- 2020, 13-22 मार्च, पी.आर. दरोज़ एवं दिपाली दरोज़ द्वारा विभाग में आयोजित सेरमिक कार्यशाला में सहभागिता।
- 2020, 13-17 जनवरी विभाग में राकू कार्यशाला एवं व्याख्यान।
- 2019, 14-16 अक्टूबर – प्रो. लक्ष्मा गौड़ द्वारा विभाग में सेरमिक कार्यशाला का संचालन।
- 14/09/2019 अंतर विश्वविद्यालय ललित कला उत्सव; पी.एस.एन.एस., विश्वभारती के डायरेक्टर द्वारा आयोजित रंगोली (प्रतियोगिता) के निर्णायक।

अनुपम चौधरी (सेरमिक एवं काँच)

कार्यशाला (अंतर्राष्ट्रीय)

- ''सेरमिक्स एंड वुड फायरिंग सिमपोज़ियम'' – सिल्पाकॉर्न विश्वविद्यालय, सेरमिक विभाग, फैकल्टी ऑफ डेकोरेटिव आर्ट द्वारा आयोजित कार्यशाला।

प्रदर्शनी (राष्ट्रीय)

- 2019, 7-30 सितम्बर – गैलरी वन, गुड़गाँव, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सामूहिक प्रदर्शनी ''इमर्जिंग फ्रॉम द अर्थ''।
- 2019, 23 नवम्बर से 21 दिसम्बर तक दिनकर कौशिक की शतवर्ष पूर्त्ति के उपलक्ष्य में उनके शिक्षक, सहयोगी, विद्यार्थी एवं अनुयायियों को दर्शातें हुए ''दिनकर कौशिक के स्मरण में'' प्रदर्शनी।

अन्य कार्य / सदस्यता / मूल्यांकन

- 2019, पौष उत्सव में कलाकृतियों की सुव्यवस्था।
- 2019, पौष उत्सव में छातिमतला में मोमबत्ती की साज-सज्जा।

- 2019, परीक्षक – बी.एफ.ए. (सम्मान), सीमेस्टर III, (सी.बी.एस.सी.) परीक्षा 2019, गवर्मेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट, कलकत्ता विश्वविद्यालय।
- 2020, 26 जनवरी – गणतंत्र दिवस में सजावट।
- 2019, 15 सितम्बर (संयोजक : महानदि)
- 2019, नंदन मेला के समन्वयक एवं संयोजक।

1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के बीच अन्य उल्लेखनीय कार्य

- 2019, 20-22 नवम्बर, प्रभाकर कोल्टे द्वारा संचालित चित्रकला कार्यशाला एवं व्याख्यान, कलाभवन, विश्वभारती शांतिनिकेतन।
- 2020, 13-22 मार्च, पी.आर. दरोज़ एवं दिपाली दरोज़ द्वारा संचालित सेरमिक कार्यशाला, डिज़ाइन विभाग, कलाभवन, विश्वभारती, शांतिनिकेतन के सह-संयोजक।
- 2020, 13-17 जनवरी, राकू कार्यशाला एवं व्याख्यान, डिज़ाइन विभाग।
- 2019, 14-16 अक्टूबर, प्रो. लक्ष्मा गौड़ द्वारा संचालित सेरमिक कार्यशाला, डिज़ाइन विभाग।

विभाग में चल रही परियोजनाएँ (प्रोजेक्ट)

क्रम सं.	शिक्षक का नाम	परियोजना / प्रोजेक्ट का नाम	प्रायोजक संस्था	अनुमोदित राशि
1.	देवाशीष दास	कॉन्टेम्परर्री सेरमिक म्यूरल रिलेशन विद आर्किटेक्चर	लागू नहीं / अनावश्यक	स्व वित्त पोषित
2.	अनुपम चौधरी	इंडियन स्टूडियो पॉटर्स – द केस स्टडी	लागू नहीं / अनावश्यक	स्व वित्त पोषित
3.	वानतन्वी दास महापात्र	ब्लेंडिंग ऑफ म्यूज़िक एंड विज़न : स्टडी ऑफ रागमाला पेंटिंगस इन एसोसिएशन विद नॉर्थ इंडियन क्लासिकल म्यूज़िक	लागू नहीं / अनावश्यक	स्व वित्त पोषित
4.	भावना खजुरिया	ब्लेंडिंग आर्ट एंड क्राफ्ट : टेगोर्स एजुकेशन प्रोग्राम विद स्पेशन रेफरेंस टू सेरमिक	लागू नहीं / अनावश्यक	स्व वित्त पोषित
5.	अर्चना दास	भारतीय सेरमिक पॉटरी का तकनीकि अध्ययन	लागू नहीं / अनावश्यक	स्व वित्त पोषित

विभाग द्वारा आयोजित तथा विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता प्राप्त विस्तारमूलक गतिविधि। एन.एस.एस. / सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधि

- नंदन मेला, कला एवं सांस्कृतिक अनुष्ठान जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव, जहाँ विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- वृक्षरोपण, 7 पौष को छातिमतला, उपासना गृह (25 दिसम्बर) एवं स्वतंत्रता दिवस को शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सजावट।
- विश्वविद्यालय द्वारा समन्वयित एन.एस.एस. में विद्यार्थियों की सहभागिता।
- विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्वच्छ भारत कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता।
- विभिन्न (खेल) क्रीड़ा आयोजनों में विद्यार्थियों की भागीदारी।

शिक्षकों / छात्रों / पूरे विभाग द्वारा प्राप्त की गयी विशेष शैक्षणिक उपलब्धियाँ

(डी.एस.ए. या सी.ए.एस. द्वारा मान्यता प्राप्त आदि)

- शोधार्थी श्री प्रतीक भट्टाचार्य द्वारा चार्ल्स वैलेस इंडिया ट्रस्ट फैलोशिप युनाइटेड किंगडम।
- विभागीय छात्रों की अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक / सांस्कृतिक आदान प्रदान के तहत स्वीकृति।

  1. श्रावण चक्रवर्ती – 6 माह के लिए विद्यार्थी आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत फ्रांस के इकोले द' आर्ट एट 'दे डिज़ाइन द' एंजर्स के लिए चयन।

  2. सायंतनी साहा – सात दिनों के लिए इंडो-चायना विद्यार्थी आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत चयन।

मूर्त्तिकला विभाग

कलाभवन की स्थापना के दिनों से ही मूर्त्तिकला विभाग ने संस्थान की एक वैकल्पिक कला के अभ्यास स्थल के रूप में प्रतिष्ठा करने में सहायता की है, जो कि आधुनिक भारतीय कला जगत् में एक नवीन एवं महत्त्वपूर्ण विभाग के रूप में उभरा है। बीसवीं सदी की शुरूआत में एक महान चिंतक के रूप में रवीन्द्रनाथ ठाकुर की विचार धारा एवं अवनीन्द्रनाथ ठाकुर के शिष्य नंदलाल बसु ने शांतिनिकेतन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। 1932 ई. में यह विभाग अनौपचारिक रूप से रामकिंकर बैज की अगुवायी में शुरु हुआ। प्रारंभ में रामकिंकर बैज फिर शर्बरी रायचौधरी, अजित चक्रवर्ती, विपिन गोस्वामी, विकास देवनाथ, सुरेन घोष एवं सुरेन दे ने अनगिणत विद्यार्थियों को सुशिक्षित किया जो आगे चलकर भारत के विशिष्ट मूर्त्तिकार के रूप में विख्यात हुए।

विभाग में भारत के विविध प्रांतों के अलावा विदेशों से भी विद्यार्थी अध्ययन हेतु आते हैं। इनमें से प्रमुख देश हैं — जापान, कोरिया, थाइलैंड, यू.के., फ्रांस, यू.एस.ए., बांग्लादेश, मॉरिशस, यू.एस.एस.आर., श्रीलंका आदि।

विभाग में अध्ययन कर चुके कई महत्त्वपूर्ण मूर्त्तिकारों ने अद्यतन मूर्त्तिकला को कई नए शब्द प्रदान कर उसे पुन:-पुन: परिभाषित किया। इनमें से कुछ प्रमुख घरानो के जनक है — शंखो चौधरी, प्रभास सेन, जीतेन्द्र कुमार, अवतार सिंह पंवार, एम. धरमानी, मदन भटनागर, सुरेन पांडे, बलवीर सिंह कांत आदि।

विभाग के शिक्षकों एवं शोधार्थियों द्वारा भाग लिए गए सम्मेलन / संगोष्ठी / कार्यशाला / प्रदर्शनी / अध्यक्षता आदि

पंकज पंवार (प्राध्यापक)

- 2019 — अद्यतन मूर्त्तिकला पर सचित्र व्याख्यान, दृश्य कला विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार।
- 2020 — क्रबी, थाइलैंड में अंतर्राष्ट्रीय कला कार्यशाला एवं प्रदर्शनी।
- 2019 — बिड़ला अकादमी, कोलकाता में समकालीन कलाकारों की वार्षिक प्रदर्शनी।
- 2019, 2-7 अगस्त, 'शिल्पी मिलन उत्सव', राष्ट्रीय स्तर की कला कार्यशाला, एस.एस.वी.ए.डी. द्वारा आयोजित।
- 2019, 12-15 नवम्बर — शांतिनिकेतन प्राक्तनि कला कार्यशाला।
- 2019, 23 नवम्बर — 21 दिसम्बर, 'दिनकर कौशिक के स्मरण में' — बिड़ला अकादमी में कौशिक के स्मरण में' — बिड़ला अकादमी में कला प्रदर्शनी।
- रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कलकत्ता के (बोर्ड ऑफ स्टडी) पाठ समिति के सदस्य।

सुतनु चटर्जी (सह प्राध्यापक)

- 2019, अप्रैल, 60वीं राष्ट्रीय प्रदर्शनी, ललित कला अकादमी, नई दिल्ली। जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट, मुम्बई में सम्पन्न।
- 2019, 15 अप्रैल – 5 मई, 'नववर्षेर चित्र प्रदर्शनी – 1426' बंग्ला नववर्ष पर एक चित्र प्रदर्शनी। देबावशा, कलकत्ता द्वारा आयोजित।
- 2020, 20-24 जनवरी। शांतिनिकेतन, कला भवन, प्राक्तनि के सदस्यों द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी। नंदन, कलाभवन में आयोजित।

(अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी)

- 2019, 23 नवम्बर से 21 दिसम्बर। बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता द्वारा आयोजित प्रदर्शनी – 'दिनकर कौशिक के स्मरण में।'
- (कार्यशाला) 2019, 12-15 नवम्बर, शांतिनिकेतन, कला भवन, प्राक्तनि कला कार्यशाला।

मतिलाल कलाई (सह-प्राध्यापक)

- 2019, 23 नवम्बर – 21 दिसम्बर, बिड़ला अकादमी, कोलकाता में कला प्रदर्शनी – 'दिनकर कौशिक के स्मरण में'।
- 2020, 20-25 जनवरी, शांतिनिकेतन, कलाभवन प्राक्तनि कला प्रदर्शनी। नंदन, कलाभवन, विश्वभारती।
- 2019, 12-15 नवम्बर। शांतिनिकेतन कला भवन प्राक्तनि, कला कार्यशाला।

कमल धर (सहायक प्राध्यापक)

(प्रदर्शनी)

- 2019, 23 नवम्बर – 21 दिसम्बर, बिड़ला अकादमी कोलकाता द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी – 'दिनकर कौशिक के स्मरण में'
- 2020, 20-25 जनवरी। नंदन, कला भवन, विश्वभारती में आयोजित शांतिनिकेतन कला भवन प्राक्तनि कला प्रदर्शनी।
- 2020, 21-27 फरवरी, बैच 88, प्रदर्शनी, गवर्मेंट कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट। ललित कला अकादमी में आयोजित।

(सम्मेलन)

- 2019, 24-26 मई। वैश्विक शिक्षा सम्मेलन, मूल्य आधारित शिक्षा – एक बेहतर दुनिया के लिए। मानव उत्कृष्टता के लिए श्री सत्य साँईं विश्वविद्यालय (फॉर हियुमन एक्सलेंस), सत्य साँई ग्राम,

मुडेनहाल्ली, भारत।

ऋषि बरूआ (सहायक प्राध्याक)

- 2019, 2-7 अगस्त, 'शिल्पी मिलन उत्सव'। अंतर्राष्ट्रीय कला कार्यशाला। अत्रलिंद एवं एस.एस.वी.ए.डी. द्वारा आयोजित।
- 2019, 12-15 नवम्बर, शांतिनिकेतन कलाभवन प्राक्तनि कला कार्यशाला।
- 2019, 23 नवम्बर – 21 दिसम्बर। बिड़ला अकादमी द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी – 'दिनकर कौशिक के स्मरण में'।
- 2020, 20-25 जनवरी, नंदन, कलाभवन में आयोजित शांतिनिकेतन कलाभवन प्राक्तनि कला प्रदर्शनी।
- 2020, 12-26 फरवरी, बिड़ला अकादमी कलकत्ता द्वारा आयोजित वार्षिक सामुहिक प्रदर्शनी – 'ओपन विंडो'।
- 2019 कला भवन शतवर्ष पूर्त्ति पालन के सह संयोजक।
- 'दिनकर कौशिक के स्मरण में' – 2019, 23 नवम्बर से 21 दिसम्बर राष्ट्रीय स्तर की कला प्रदर्शनी (बिड़ला अकादमी में आयोजित) के सह क्यूरेटर एवं संयोजक।

अमित कुमार धारा (सहायक प्राध्यापक)

(कार्यशाला)

- 2019, 12-13 मार्च, 10-11 जून। अंतर्राष्ट्रीय पॉटरी – सेरमिक कार्यशाला। नंदन शांतिनिकेतन सोसाइटी द्वारा अमिताभ चक्रवर्ती के स्टूडियो, पी. 271, ब्लॉक बी, लेकटाऊन, कोलकाता में आयोजित।
- 2019, 21-23 जून ''पोस्टर मेकिंग प्रोजेक्ट ऑन ए जर्नी विद टैगोर एंड हिज़ ब्लैक इंक'' कोमधारा, हुगली पश्चिम बंगाल में कथात्मक गतिविधि।
- 2020, जनवरी। मालंच, शांतिनिकेतन में शांतिनिकेतन कला भवन प्राक्तनि द्वारा आयोजित वार्षिक चित्रकला कार्यशाला।
- 2019 – शिक्षक दिवस कार्यशाला।

(प्रदर्शनी)

- 2019, 17-23 अक्टूबर – नंदन शांतिनिकेतन द्वारा ललित कला अकादमी कोलकाता में आयोजित 18वीं अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी।
- 2019, 23 नवम्बर से 21 दिसम्बर 'दिनकर कौशिक के स्मरण में' बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड

कल्चर, कोलकाता में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी।

- 2020, 20-24 फरवरी, नंदन, कलाभवन शांतिनिकेतन में शांतिनिकेतन कलाभवन प्राक्तनि के सदस्यों द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी।
- 2020, 29 फरवरी – 1 मार्च – 'क्रिएटिव ब्रश' द्वारा बोटिंग पार्क, मालदा पश्चिम बंगाल में आयोजित – ''महानंदा कैम्प आर्ट''।

लावानशाइभा खरमावलोंग (सहायक प्राध्यापक)

(प्रदर्शनी)

- 2019, 23 नवम्बर से 21 दिसम्बर, 'दिनकर कौशिक को याद करते हुए' – बिड़ला अकादमी कलकत्ता द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी।
- 2019, अगस्त, मेघालय, कला उत्सव, शिलोंग में आर्ट इंस्टॉलेशन पर आमंत्रित विद्वान।

सजाद हुसैन हमदानी (सहायक प्राध्यापक)

एन.एस.एस. / सांस्कृतिक या अन्य गतिविधियाँ जिसमें विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए

- 2019, 1-3 दिसम्बर नंदन मेला के वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों की सहभागिता। आचार्य नंदलाल बसु के जन्मदिवस के अवसर पर।
- विभाग द्वारा शुरू किए गए नए पाठ्यक्रम या शिक्षा नवाचार को शामिल करना – हाँ, 2017 (सी.बी.सी.एस.)

अन्य संबंधित सूचनाएँ :

- बिकी दास – मूर्त्तिकला कार्यशाला, चमराजेन्द्र गव. कॉलेज ऑफ विजूअल आर्ट, मैसूर, 22-29 फरवरी 2020.
- बिकी दास – वाटर कलर शिविर, धरोहर, जूनागढ़, पश्चिम ज़ोन सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर, 16-22 जनवरी 2020.
- तन्मय दासगुप्त – अंतर्राष्ट्रीय कला शिविर, कला प्रदर्शनी, लोक कला एवं शिल्प मेला, बांग्लादेश, 26-29 फरवरी 2020.
- अमलदेव एस. नारायणन – तक्षशिला शांतिनिकेतन ललित कला छात्रवृत्ति 2020. 1 जुलाई 2020 से 31 मार्च 2021. पश्चिमबंगाल।
- मार्बर सिंह – जूनियर फेलोशिप। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के तहत। 01/06/2019 से 05/31/2021 तक लागू।

चित्रकला विभाग

चित्रकला विभाग नंदलाल बसु द्वारा कला भवन के शुरुआती दिनों से ही इस संस्थान की कला-शिक्षा के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में रहा है। इसी दिशा में एक तरफ यह विभाग पारम्परिक स्टूडियो आधारित अभ्यास पर बल देता है – जिसमें तात्कालिक वातावरण, भौतिक एवं निरीक्षण से प्राप्त ज्ञान द्वारा वातावरण की जानकारी, रोज़मर्रा के जीवन के साथ परिवेश का संवाद शामिल है। दूसरी तरफ नृतत्त्व एवं पुरातत्त्व के ज्ञान को शामिल करते हुए कला दृष्टि को अंतर्विधागत दिशा एवं सम्पूर्णता देने का निरंतर, शोधपरक प्रयास भी है। इसके लिए एकल एवं सामूहिक, सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक, प्रयोग एवं कार्यशाला सभी पहलुओं पर समान महत्त्व दिया जाता है। यहाँ अभ्यास एवं व्यवहारिक प्रयोग के माध्यम से सिद्धांतों को मूर्त्त रूप प्रदान करने पर बल दिया जाता है, जिसमें परम्परागत पद्धति के साथ आधुनिक तकनीक को भी समान महत्त्व दिया जाता है। परम्परागत एवं देखी ज्ञान को अपनाते हुए, खासकर इस कोविड महामारी के दौर में डिजिटल माध्यम से भी विद्यार्थियों के ज्ञान का प्रसार करने पर ज़ोर दिया गया है। इसी दिशा में पठन-पाठन के अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा एक ऑनलाइन प्रदर्शनी की व्यवस्था की जा रही है। वेबिनारों का आयोजन हो रहा है। विद्यार्थियों को देश-विदेश के विशेषज्ञों की राय से अवगत कराया जा रहा है।

विभाग / संस्थान के पुन: स्वाभाविक रूप से कार्य करने पर कई विद्वानों को साक्षात भी आमंत्रित किया जाएगा। ताकि कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थी कला के समकालीन एवं पारम्परिक दोनों रूपों को करीब से जान सकें। स्थानीय परम्परा, डिजिटल ज्ञान, कला शिक्षा आदि पर आमने-सामने वार्त्ता हो सके एवं जीवन की बदलती धारा एवं समय के परिवर्त्तन का कला पर पड़ता प्रभाव विद्यार्थियों के समक्ष स्पष्ट हो सके।

विभागीय संगोष्ठी (वक्ता, विषय, तिथि)

अंडर द मैंगो ट्री – ए सेल्प ऑर्गनाइज़्ड गैदरिंग ऑन अनलर्निंग

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी / कार्यशाला

03/02/2020 से 07/02/2020 तक चित्रकला विभाग एवं शोरगिल सुन्दरम आर्टस फाउंडेशन (एस.एस.ए.एफ.) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित।

क्यूरेटर / संग्रहाध्यक्ष : संचयन घोष (चित्रकला विभाग, कला भवन), सेपाके एंजियामे (लंदन), तारा लासराडो (स्वीज़रलैंड)

वक्ता :

a) प्रो. आर. शिव कुमार (कला इतिहास, कला भवन),

b) प्रो. स्वाति गांगुली (इंग्लिश विभाग, भाषा भवन),

c) डॉ. अंशुमान दास गुप्त (सहायक प्राध्यापक, कला इतिहास, कला भवन),

d) पुलक दत्त (कलाकार, विद्वान, लेखक, शांतिनिकेतन),

c) धरित्री बोरो (विश्वभारती, शांतिनिकेतन, भारत),

f) क्लारे बुचर (ज़िम्बावे),

g) एल्बर्ट सिसेलो / सिएलारोक (इटली),

h) जॉर्ज गोंज़ालेज़ / एस्कुएला दे ऑफिसियस (प्यूटो रिको),

i) कार्मेन जोस (स्पेन) एवं बॉबी सेयर्स (यू.के.),

j) निकोलाय ओलेयनिकॉव (फ्री होम यूनिवर्सिटी + स्कूल ऑफ इंगेज्ड आर्ट, स्तो द्येलात; रशिया),

k) धर्मेन्द्र प्रसाद (भारत),

l) शर्मिला सामंत / शिव नादर विश्वविद्यालय, नॉदडा (भारत),

m) विंसेंट ताओ (कनाडा),

n) मीनाक्षी थिरूकोडे / इंस्टिट्यूटिंग अदरवाइज़ (भारत),

o) रोसिओ तेजादा एवं टेलर क्रुज़। एस्कुएला दे आर्तेस प्लास्टिकास (प्यूरो रिको),

p) अभिजान टोटो / द फॉरेस्ट करिकुलम (भारत)

जेनोलॉजी ऑफ थ्री जेनरेशनस ऑफ बीरभूम पटुआस

एक संगोष्ठी / कार्यशाला / प्रदर्शनी।

अरूण पटुआ एवं सुब्रत घोष द्वारा प्रस्तुत। (सुब्रत घोष – लोक कला शोधकर्त्ता, बोलपुर)। चित्रकला विभाग, कलाभवन द्वारा 16/08/2019 से 19/08/2019 तक नंदन म्यूज़ियम गैलरी, कला भवन में आयोजित।

राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन / संगोष्ठी / कार्यशाला / प्रदर्शनी / अध्यक्षता / मूल्यांकन – जो विभाग के शिक्षक एवं शोधार्थियों द्वारा सम्पन्न किया गया

दिलीप मित्र (प्राध्यापक)

(सामुहिक प्रदर्शनी)

- 2019 – 'दिनकर कौशिक के स्मरण में' कलाभवन प्राक्तनि द्वारा बिड़ला अकादेमी, कलकत्ता में आयोजित प्रदर्शनी।
- 2019 – इमामी चिसेल, कलकत्ता द्वारा आयोजित कला मेला में सहभागिता।

(कार्यशाला में सहभागिता)

- 2019 – ऐशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय चित्रकला कार्यशाला।
- 2019 – एस.एस.वी.ए.डी., शांतिनिकेतन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कला कार्यशाला।

(विभागीय परियोजना)

- 2019 – सोनामुखी एवं विष्णुपुर टेराकोटा मंदिर परियोजना एवं प्रलेखन (डॉकूमेंटेशन), (म्यूरल) एम.एफ.ए. विद्यार्थियों के साथ।
- 2020 – हंसेश्वरी, गुप्ती पाड़ा एवं कालना टेराकोटा मंदिर परियोजना एवं प्रलेखन (डॉकूमेंटेशन), एम.एफ.ए. (म्यूरल) विद्यार्थियों के साथ।

अर्घ प्रिया मजूमदार (सह प्राध्यापक)

(सामूहिक प्रदर्शनी)

- 2019 नवम्बर – 'एंथोलॉजी ऑफ एनेकडोटस' गंगेज़ आर्ट गैलरी द्वारा आयोजित एवं डेनमार्क के राजदूत द्वारा कोलकाता में उन्मोचित एक सामूहिक प्रदर्शनी।
- दिनकर कौशिक के स्मरण में' जन्मवार्षिकी पर बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता द्वारा आयोजित एक प्रदर्शनी।

(कार्यशाला)

- 2019 – 'शिल्पी मिलन उत्सव' – सोसाइटी विजुअल आर्ट एंड डिज़ाइन, शांतिनिकेतन द्वारा आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय कला कार्यशाला।

संचयन घोष

(एकल एवं सामूहिक प्रदर्शनी / परियोजना)

- 2020 – 'दूसरा – द अदर मेज़-II' निर्धारित स्थान पर आधारित स्थापत्य मूलक इंस्टॉलेशन (स्थापना)। 'गेम ऑफ चांस' लिएनर्ड द्वारा क्यूरेटेड (संग्रहाध्यक्षता), सनएपरानाटा कला उत्सव, सनएपरानाटा आर्ट फाउंडेशन, गोवा के साथ।
- 2020 – 'वेज़ ऑफ रिमेम्बरिंग जालियाँवाला बाग एंड रवीन्द्रनाथ टेगोर्स रेसपोंस इन विक्टोरिया मेमोरियल पोर्टेट गैलरी' – संग्रहाध्यक्ष (क्यूरेटर) शर्मिष्ठा दत्तगुप्त, विक्टोरिया मेमोरियल हॉल एवं संस्कृति मंत्रालय के समर्थन से। इस परियोजना का कलात्मक दिशानिर्देश दिया।
- 2019 – प्रदर्शनी द्रामातुर्ग – 'कॉल टू डिसऑर्डर : एक्सपेरिमेंटस इन प्रैक्टिस एंड रिसर्च'। स्थान भित्तिक कार्य – सेरेदीप्ति आर्ट फाउंडेशन के उद्योग से। संग्रहाध्यक्ष – विद्या शिवदास, निर्देशक, एफ.आइ.सी.ए., नई दिल्ली।

- 2019 – कौशिक सेन द्वारा निर्देशित 'स्वप्न संधानी', नाट्य दल के नाटक 'एकला चलो रे' के लिए डिज़ाइन (रूपांकन)।

(कार्यशाला एवं परियोजनाओं के संचालक / निर्देशक)

- 2020, 9-14 मार्च, आमंत्रित शिक्षक के रूप में सिमेस्टर पाठ्यक्रम के डिज़ाइन पर पाठ का संचालन। चौद्दा सिमेस्टर, निर्देशक, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली के विद्यार्थी।
- 2020, 3-7 फरवरी, अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला 'अंडर मैंगो ट्री, ए सेल्फ ऑर्गनाइज़्ड गैदरिंग ऑफ अनलर्निंग' – के सह संग्रहाध्यक्ष (क्यूरेटर) यह कार्यशाला – कलाभवन के शत वर्ष पूर्त्ति के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। इसके दूसरे संग्रहाध्यक्ष (क्यूरेटर) थे – सेपाके ऐंजिआमा (लंदन), तारा लासराडो (जूरिख)। यह चित्रकला विभाग, कलाभवन एवं सुन्दरम आर्ट फाउंडेशन, नई दिल्ली (एस.एस.ए.एफ.) द्वारा आयोजित किया गया था।
- 2019, 17-25 नवम्बर, समन्वयक, भारत-यूरोपीय आर्ट रेसीडेंसी कला भवन अध्याय, कला भवन एवं गोएये इंस्टीटियूट, अलाऐंस फ्रांसिस, ब्रिटिश काउंसिल एवं सी.आइ.एन.ए. आर्ट गैलरी कोलकाता द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित। भारत, जर्मनी, फ्रांस और इंग्लैंड से चार कलाकारों ने कला भवन का दौरा किया एवं विद्यार्थियों से संवाद भी किया। इनके रहने का प्रबंध कला भवन द्वारा कला भवन विद्यार्थी सहायता कोष के माध्यम से किया गया।
- 2019-20 संचालक एवं विशेषज्ञ के रूप में 'मिलियन इंसिडेंटस' में आमंत्रित। रक्स मीडिया कलेक्टिव द्वारा (क्यूरेटेड) संग्रहाध्यक्षता प्राप्त एवं गोएधे इंस्टिट्यूट, मैक्समूलर भवन, नई दिल्ली, कलकत्ता द्वारा समर्थित, कला परियोजना।
- 2019, विशेषज्ञ के रूप में संचालन हेतु आमंत्रित। राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला 'ऑन साइट' – साइट / स्थान आधारित कला का अभ्यास जिसे एफ.आई.सी.ए., नई दिल्ली ने आयोजित किया था।

राजर्षि विश्वास

(एकल एवं सामूहिक प्रदर्शनी)

- 2019 – 'दिनकर कौशिक के स्मरण में' – बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता द्वारा जन्म शतवर्ष पर आयोजित प्रदर्शनी।
- 2019, 13-15 सितम्बर, कोलकाता सेंटर फॉर क्रिएटिविटी, इमामी ग्रूप, कोलकाता द्वारा आयोजित कला मेला (आर्ट फेयर)।

प्रशांत साहू

(एकल / समूह प्रदर्शनी)

- 2020 – ''आर्ट : बेंगॉल नाव'' – समकालीन कलाकारों द्वारा की गई प्रदर्शनी। क्यूरेटर (संग्रहाध्यक्ष)

प्रणव रंजन राय। धूमीमल आर्ट गैलरी, दिल्ली में गणधारा आर्ट गैलरी, कोलकाता एवं धूमीमल आर्ट गैलरी, दिल्ली द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित।

- 2019 – ''ऐंथलॉजी ऑफ एनक्डोटस'' गैंगीज़ आर्ट गैलरी, कोलकाता में एक सामूहिक प्रदर्शनी।
- 2019 – ''कुर्सी'' – संध्या बोर्देवकर द्वारा संग्रहाध्यक्षित (क्यूरेटेड) संजय आर्ट गैलरी में आयोजित चित्र एवं इंस्टॉलेशन की प्रदर्शनी।
- 2019 – ''दिनकर कौशिक के स्मरण में'' बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता एवं शांतिनिकेतन कला भवन प्राक्तनि द्वारा दिनकर कौशिक के जन्मशत वार्षिकी पर आयोजित राष्ट्रीय प्रदर्शनी।

(कार्यशाला)

- 2019 – अंतर्राष्ट्रीय कला कार्यशाला, एस.एस.वी.ए.डी. (शांतिनिकेतन सोसाइटी फॉर विजअल आर्ट एंड डिज़ाइन), शांतिनिकेतन में आयोजित। जहाँ थाइलैंड, बांग्लादेश एवं भारत के चुनिंदा समकालीन कलाकारों ने भाग लिया।
- 2019 – ''मार्वल नैशनल आर्ट वर्कशॉप' हर्ष गोएंका, आर.पी.जी. इंटरप्राइज़ेज, इंडिया द्वारा मढ आइलैंड, मुम्बई में आयोजित कार्यशाला।

अंबरीष नंदन

(एकल / सामूहिक प्रदर्शनी)

- 2020, 17-21 फरवरी, 'विजुअल ऐफेक्टस' – राष्ट्रीय प्रदर्शनी। आर्ट फैमिली द्वारा विजुअल आर्ट गैलरी, नई दिल्ली में आयोजित।
- 2019 – 'दिनकर कौशिक के स्मरण में' राष्ट्रीय प्रदर्शनी। बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता एवं शांतिनिकेतन कला भवन प्राक्तनि द्वारा आयोजित।

शेख शाहजहान

(एकल / समूह प्रदर्शनी)

- 2019 – 12 नवम्बर – ''वुंडेड रील्मस : इमेजेस ऑफ कनसर्न' – हैरिंगटन स्ट्रीट आर्ट सेंटर एवं सीगल फाउंडेशन फॉर द आर्ट, कलकत्ता में।
- 2019 – 'दिनकर कौशिक के स्मरण में' – बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता एवं शांतिनिकेतन कलाभवन प्राक्तनि द्वारा जन्म शतवार्षिकी के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय प्रदर्शनी।
- 2019 – 'वुंडेड रिल्मस : इमेजेस ऑफ कनसर्न' – बिहार म्यूज़ियम, पटना आर्ट शिला एवं सीगल फाउंडेशन फॉर द आर्ट, कोलकाता में आयोजित।

धरित्री बोरो

(एकल / समूह प्रदर्शनी)

- 2019 – 'दिनकर कौशिक के स्मरण में' जन्मशतवार्षिकी के अवसर पर बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता एवं शांतिनिकेतन कला भवन प्राक्तनि द्वारा आयोजित प्रदर्शनी।

(कार्यशाला)

- 2019, 3-7 फरवरी – 'अंडर द मैंगो ट्री – ए सेल्फ ऑर्गनाइज़्ड गैदरिंग ऑफ अनलर्निंग' संचयन घोष, सेपाके अंजियामा एवं तारा लसराडो द्वारा संचालित / क्यूरेटेड।

शैक्षणिक उपलब्धियाँ (विभाग, विभाग के शिक्षक, शोधार्थियों द्वारा प्राप्त तथा डी.एस.. / सी.ए.एस. द्वारा मान्यता प्राप्त)

- धरित्री बोरो – 2019, 24-26 नवम्बर। बहिरागत विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित। विजुअल आर्ट (दृश्य कल) विभाग ऑड सेमेस्टर परीक्षा, असम विश्वविद्यालय, सिलचर।

प्रकाशन (अप्रैल 2019-मार्च 2020)

(एकल / मूल लेखक)

- 'छाद पेटानोर गान' (सॉन्गस ऑफ रूफ मेकिंग) संचयन घोष द्वारा। जनवरी 2020 में ऋत प्रकाशना, कलकत्ता द्वारा प्रकाशित। (ISBN : 978-93-88445-45-0)

(शोधपत्र)

- संचयन घोष द्वारा – "पेडागॉजी एज़ ए लिव्ड प्रैक्टिस ऑफ एन इंटिग्रेटेड होल री इंगेज़िंग विद शांतिनिकेतन आर्ट प्रैक्टिस : टूवर्डस ए परफॉर्मिंग पेडगोजी" 2019. 'चिन्ह वार्षिक कला पत्रिका' (चिन्ह एनुअल आर्ट जर्नल) अंक-38, पृ.-23 से 28, प्रकाशक- गुवाहाटी आर्टिस्टस गिल्ड, गुवाहाटी, असम। ISSN-2320-0464.

अन्य प्रासंगिक सूचना

चित्रकला विभाग प्राय: ही अंतर विधा या अंतर विषय मूलक अभ्यास से जुड़ा रहा है। जैसे नृत्य, नाटक एवं चित्रकला की समन्वय मूलक खोज। इस दिशा में 'डाकघर' नाटक की सावित्री हेसनम द्वारा प्रस्तुति महत्वपूर्ण है। सावित्री जी मणिपुर की विख्यात अदाकारा (परफार्मर) हैं जो कलाक्षेत्र नामक दल के साथ अभिनय करती हैं। यह प्रस्तुति सेंटर फॉर इंटरडिसिप्लीनरी आर्टस इन कला भवन, कला भवन छात्र सहयोग कोष (विद्यार्थी सहायता कोष) एवं संगीत शोध अकादमी, दिल्ली के सहयोग से की गयी। साथ ही विभाग ने भारोतीय कला सहयोग एवं आदान-प्रदान के तहत गोएथे इंस्टीट्यूट, कोलकाता; ब्रिटिश काउंसिल, कोलकाता, एलाएंस प्रासिस, कोलकाता एवं सी.आई.एम.ए. आर्ट गैलरी कोलकाता के सहयोग से जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैंड एवं भारत से चार कलाकारों को विभाग में बुलाकर रहने की व्यवस्था की गयी एवं

एक सप्ताह के प्रकास / आवास के दौरान विद्यार्थियों से भी वार्त्तालाप का अवसर मिला। यह पूरी प्रक्रिया कला भवन विद्यार्थी सहयोग कोष के आर्थिक मदद से सम्पन्न हुई।

विभाग अपने चित्रकला के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को एक ऐसे उन्मुक्त एवं खुले पाठ्यक्रम के रुप में ढालने में प्रयासरत है जहाँ युवा कलाकार स्वयं को दृश्य कलाकार के रुप में स्वयं को दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करने में समर्थ एवं उचित ज्ञान से लैस पा सके; ताकि वे विविध सामाजिक-सांस्कृतिक भेदों, परिस्थितियों एवं बहुस्तरीय सांस्कृतिक अभ्यास युक्त वैश्विक कला चेतना को अपना सकें एवं उसके साथ काम कर सकें।

ग्राफिक कला विभाग

विभागीय संगोष्ठी

- कला व्याख्यान (आर्ट टॉक), अनिंदिता दत्ता द्वारा उनके कलात्मक व्यवहार (प्रैक्टिस) एवं बोधगया संगोष्ठी (इएनाले) 2020, 19 फरवरी।
- डेनमार्क के कलाकार नान्ना क्रोध लॉरिस्टेन द्वारा उनके कला अभ्यास पर कला व्याख्यान (आर्ट टॉक), 2019, नवम्बर।
- ब्राज़ील के मरिया फ्लाविया गोंज़ालवेस फर्नांडीस द्वारा उनके कला अभ्यास – मोनो प्रिंटस पर कला व्याख्यान (आर्ट टॉक) 2019, दिसम्बर।

सम्मेलन / संगोष्ठी / प्रदर्शनी / कार्यशाला / मूल्यांकन / अध्यक्षता

(विभाग / विभाग के शिक्षक / शोधार्थियों द्वारा)

अर्पण मुखर्जी

- 2019, ऐतिहासिक छायाचित्र (फोटोग्राफी) कार्यशाला, मेयो कॉलेज बालिका विद्यालय, अजमेर राजस्थान। (संचालन)
- 2019, लिशुई अंतर्राष्ट्रीय छायाचित्र उत्सव, चीन में भागीदारी।
- 2019, सेरेनदीप्ति कला उत्सव, गोवा में रहाब अल्लाना द्वारा क्यूरेटेड 'लुक स्ट्रेन्जर' शो में भागीदारी।
- 2019 शुभलक्ष्मी शुक्ल, आर्ट एंड सोल गैलरी, मुम्बई द्वारा क्यूरेटेड – 'टेक्स III : बॉडी एज़ 'टेक्स' नामक शो में भागीदारी।
- 2019-24 मई, ग्राफिक आर्ट (लेखाचित्र कला) विभाग, रवीन्द्रभारती विश्वविद्यालय में शोध मूल्यांकन हेतु बाह्य आर.ए.सी. सदस्य।
- 2019, 21 अक्टूबर लेखाचित्रकला विभाग, रवीन्द्रभारती विश्वविद्यालय में बी.ओ.एस. (पाठ समिति) मीटिंग के बाह्य सदस्य।
- 2019, छायाचित्र संग्रहालय, लिशुई ने कलात्मक कार्य के एक क्रम को अपने संग्रह के लिए स्वीकारा।
- छायाचित्र (फोटोग्राफी) पर सचित्र वक्तव्य, राज्य चारुकला परिषद, पश्चिम बंग सरकार, कलकत्ता द्वारा आयोजित।

डॉ. उत्तम कुमार बसाक

- 2019, 5 सितम्बर – सम्मेलन में भाग लिया एवं ''द डेवलपमेंट ऑफ प्रिंटमेकिंग एज़ ए मिडियम ऑफ क्रिएटिव एक्सप्रेशन इन विजुअल आर्ट एट कला भवन शांतिनिकेतन'' विषय पर आलेख प्रस्तुत किया। लेखाचित्र कला विभाग, ललित कला विभाग, ढाका विश्वविद्यालय।

- 2019, सितम्बर, एकल प्रदर्शन ''ऑर्केस्ट्रेशन ऑफ कलर्स''। अभिंता गैलरी ऑफ फाइन आर्ट्स, ढाका बांग्लादेश द्वारा आयोजित।
- 2019, दिसम्बर, सामूहिक प्रदर्शनी – 'दिनकर कौशिक के स्मरण में' – बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर द्वारा दिनकर कौशिक के जन्म शत वार्षिकी के अवसर पर आयोजित।
- 2019, 1-7 अगस्त, कला उत्सव '19 समकालीन कला पर वेलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वी.आई.टी.), वेलोर द्वारा आयोजित प्रदर्शनी।
- 2019, 7 सितम्बर, ''द डेवलपमेंट ऑफ प्रिंटमेकिंग एज़ ए मीडियम ऑफ क्रिएटिव एक्सप्रेशन इन विजुअल आर्ट एट कलाभवन, शांतिनिकेतन'' पर सचित्र व्याख्यान।
- राष्ट्रीय आवासिक कलाकार कार्यक्रम, चिट्टागाँव विश्वविद्यालय, बांग्लादेश के अंतर्गत।

अजीत सील

- 2019, राष्ट्रीय मल्टी मीडिया कला शिविर। जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट, मुम्बई के ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित।
- 2019, राष्ट्रीय कार्यशाला, जवाहर कलाकेन्द्र, जयपुर।
- 2020, अतिथि प्रवक्ता के रुप में आमंत्रित। चित्रकला विभाग, ललित कला महाविद्यालय, त्रिवेन्द्रम (तिरुवनंतपुरम)।
- ढाका आर्ट गैलरी, बांग्लादेश में सामूहिक प्रदर्शनी।
- 2020, 'ए वॉएस टू ए वॉएस', सिमरोज़ा आर्ट गैलरी, मुम्बई।
- 2020, भारत-बांग्लादेश प्रिंटमेकिंग मिलन उत्सव, विजुअल आर्ट गैलरी, इंडियन हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली।
- 2020, एकल प्रदर्शनी, 'आर्ट कॉनसल्ट', नई दिल्ली।
- 2019, निर्णायक मंडली के सदस्य, 'इल्यूमिनेशन एंड रंगोली', आइ.आइ.टी. खड़गपुर।
- 2019, स्टीयरिंग कमीटी मेंबर, द्वितीय प्रिंट (बितेले) सम्मेलन, भारत, ललित कला अकादमी।
- 2019, अतिथि वक्ता, रवीन्द्रभारती विश्वविद्यालय, कोलकाता।

सलिल सहानी

- 2019, दिनकर कौशिक के स्मरण में, जन्म शतवार्षिकी के अवसर पर प्रदर्शनी। बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता द्वारा आयोजित।
- 2019, 1-7 अगस्त, कला उत्सव 2019 में वेलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में शामिल।
- 2020, 23-31 जनवरी, भारत-बांग्लादेश। प्रिंटमेकिंग मिलन उत्सव में शामिल। विजुअल आर्ट गैलरी

एंड ओपन पाम कार्ट, इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली में सम्पन्न।

- 2020, 25 फरवरी से 4 मार्च। 'सेलिब्रेटिंग इंडिया बांग्लादेश प्रिंट मेकिंग', चंडिगढ़ ललित कला अकादमी, अलाऐंस फ्रैंचाइस, चंडीगढ़ एवं आर्ट रूट नई दिल्ली द्वारा आयोजित सम्मेलन में शामिल।
- 2019, 16-17 नवम्बर 'बेस्ट रिसर्चर अवार्ड'। अभियंत्रिकी, विज्ञान एवं ओषधि के क्षेत्र में मिलने वाले द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक पुरस्कार के तहत। वी.डी. गुड प्रोफेशनल एसोसिएशन द्वारा विशाखापत्तनम, भारत में सम्पन्न।
- 2020 – 'प्राइड ऑफ इंडियन फाउंडेशन अवार्ड'। ''ब्रेंड इम्पैक्ट'' द्वारा नई दिल्ली में।

एम. थॉमस सिंह

- 2019, सितम्बर। इटाग्लियों पद्धति पर कार्यशाला। यह कार्यशाला शिक्षक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत ललित कला विभाग, ढाका विश्वविद्यालय, बांग्लादेश में सम्मन हुई। विद्यार्थी एवं शिक्षकों के प्रदर्शनी में भी, ललित कला विभाग, ढाका, बांग्लादेश में भाग लिया।
- 2019, नवम्बर। बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता द्वारा आयोजित प्रदर्शनी 'दिनकर कौशिक के स्मरण में' – में सहभागिता।
- 2019 – एम.एफ.ए. प्रथम सिमेस्टर, व्यवहारिक परीक्षा (सी.बी.सी.एस.), रवीन्द्रभारती विश्वविद्यालय के परीक्षक।
- 2019 – बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता के जन्म शतवार्षिकी प्रदर्शनी – 'दिनकर कौशिक की प्रदर्शनी' में शामिल।

डॉ. प्रशांत फिरंगी

- 2020, 1-2 फरवरी 'अर्बनाइज़ेशन' पर लेख प्रस्तुति। 'डॉ. बी.आर. अम्बेदकर की आधुनिक भारत को देन' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में। इसका आयोजन मराठी विभाग एवं एस.सी., एस.टी., ओ.बी.सी. एंप्लॉई वेलफेयर असोसिएशन, विश्वभारती, शांतिनिकेतन ने किया था।
- 2019, 2-9 सितम्बर। आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत चारुकला विश्वविद्यालय, ढाका, बांग्लादेश में आयोजित कार्यशाला।
- 2019, 1-7 अगस्त, समूह प्रदर्शनी, वी.-एस.पी.ए.आर.सी. (V-SPARC) कला उत्सव 2019, वेलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित।
- 2019, 23 नवम्बर से 21 दिसम्बर। 'दिनकर कौशिक के स्मरण में'। बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता द्वारा जन्म शतवार्षिकी पर आयोजित प्रदर्शनी।
- 2020, 4-6 मार्च, विशिष्ट वक्ता। 'नॉन टॉक्सिक प्रिंट मेकिंग' पर व्याख्यान एवं प्रस्तुति – लेखाचित्र कला विभाग में, विश्वभारती शांतिनिकेतन द्वारा आर्थिक आयोजन।

अदिति गानीव सांगवान

- 2019, मई बाह्य परीक्षक। फाउंडेशन कार्स स्कूल ऑफ प्लेनिंग एंड आर्किटेक्चर, नई दिल्ली के लिए।

एन.एस.एस. / सांस्कृतिक या अन्य गतिविधि (विभाग / शिक्षक / विद्यार्थियों द्वारा)

- आदान-प्रदान (एक्सचेंज) कार्यक्रम, 2019, सितम्बर। चारुकला, ललित कला विभाग, ढाका विश्वविद्यालय, बांग्लादेश।
- 'नॉन टॉक्सिक प्रिंट मेकिंग' – विषय पर 2020, 4-6 मार्च, विभागीय प्रस्तुति एवं व्याख्यान।

प्रकाशन

डॉ. उत्तम कुमार बसाक

- 2019, सितम्बर। "देश प्रसंग" (बांग्ला) पत्रिका, ढाका के अगस्त-सितम्बर 2019 अंक में। ISSN : 2309-5245. आलेख का विषय – "द बिगिनिंग एंड डेवलपमेंट ऑफ प्रिंटमेकिंग इन शांतिनिकेतन"।

डॉ. प्रशांत फिरंगी

- "प्रिंटमेकिंग : द मीडियम ऑफ एक्सप्रेशन इन मेकनिकल रिप्रोडक्शन" – 'ऐकडमिक डिसकोर्स' इंडियन जर्नल, अंक-8, संख्या-2, पृ. 30-33, ISSN : 2278-3296.
- "परसेप्शन ऑफ डिजिटोग्राफी" – आर्ट इको पबलिशर, शिल्पांगन भारत, अंक-9, संख्या-XVIII, ISSN : 2348-5337.

कला इतिहास विभाग

रवीन्द्रनाथ ठाकुर के शिक्षा के अधिकांश आयामों की तरह कला इतिहास के अध्यापक का भी कलाभवन में प्रारंभ अनौपचारिक रुप से ही हुआ था फिर स्वाभाविक रुप से विकास के माध्यम से इसने औपचारिक प्रतिष्ठनामूलक रूप ग्रहण किया। कला इतिहास विभाग के सर्वप्रथम चिह्न हम तब देख सकते हैं जब अपने नव गठित विश्वभारती में योगदान हेतु रवीन्द्रनाथ ने 1922 के अंत में विख्यात कला इतिहासकार स्टेला क्रैमिस्च को आमंत्रित किया। रवीन्द्रनाथ ठाकुर के इस सिद्धांत के पीछे कारण था कि द्वितीय विश्व युद्ध से पूर्व यूरोप में विएना कला इतिहास का केन्द्र बन चुका था और विएना के इस केन्द्र बनने में क्रैमिस्च की शिक्षा का ही योगदान था। साथ ही भारतीय कला में भी क्रैमिस्च की काफी रुचि थी। उनके माध्यम से रवीन्द्र विश्वभारती में एक वैश्विक दृष्टि से कला के इतिहास की चर्चा करवाना चाहते थे, जबकि शांतिनिकेतन में उस समय पैन-एशियन हवा चल ही रही थी। क्रैमिस्च के बाद, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, अवनीन्द्रनाथ ठाकुर, नन्दलाल बोस एवं विनोद बिहारी की अगुवायी में अन्य आमंत्रित कला इतिहासकारों के माध्यम से कला इतिहास की यह अनौपचारिक प्रक्रिया चलती रही। 1958 ई. में कला इतिहास की औपचारिक शिक्षा एवं पाठ्यक्रम सहित परीक्षा की व्यवस्था करते हुए कला भवन देश का ललित कला का प्रथम ऐसा संस्थान बना जहाँ कला इतिहास की औपचारिक शिक्षा होती है। इसके दस वर्षबाद कलाभवन के पुनर्गठन के दौरान कला इतिहास को एक स्वतंत्र विभाग का रूप दिया गया। जहाँ चित्रकला, लेखाचित्रकला, मूर्त्तिकला के साथ कला इतिहास को भी विशेष पत्र के रूप में पाठ्यक्रम में स्थान मिला। शोध एवं शिक्षा पद्धति दोनों में सुविधा एवं दृश्यगत प्रभाव वर्द्धन के लिए विभाग की चेष्टा है कि इसके कलात्मक संग्रह को और भी सुगठित रुप प्रदान किया जाय। विभाग की परिकल्पना है कि शोध एवं प्रलेखन पर ज़ोर दिया जाए जो विभाग एवं आस-पास के क्षेत्र के लिए भी लाभदायक सिद्ध हो सके। इससे ज्ञान के उद्‌भव एवं प्रयोग पर अधिक प्रभाव पड़ेगा न कि केवल सैद्धांतिक ज्ञान का संचय होगा। नवीन एवं समकालीन शोध उपकरण एवं शास्त्रार्थ संबंधी पहलुओं पर भी विभाग ज़ोर दे रहा है ताकि विभाग एवं कला इतिहास का दायरा एवं संभावना में वृध्दि हो, विभाग के माध्यम से वैश्विक शिक्षा एवं चर्चा का विकास हो। शिक्षकों के अतिरिक्त भी विद्वानों से विद्यार्थियों का संसर्ग एवं दृष्टिकोण का विकास हो साथ ही विविध रुचि एवं शोध परक सोच को विकसित किया जा सके, इस दिशा में विभाग कर्मरत है। विभाग के पाठ्यक्रम – बी.एफ.ए. (कला इतिहास), एम.एफ.ए. (कला इतिहास), ब्रिज कोर्स (कला इतिहास), एक वर्ष का कैजुअल कोर्स, शोध कार्य के अलावा – 'नंदन' नाम से विभागिय पत्रिका का प्रकाशन, संगोष्ठी, कार्यशाला, सम्मेलन आदि का नियमित रुप से आयोजन होता है। (नंदन पत्रिका का प्रकाशन नंदन मेला से ठीक पहले)

यू.जी.सी. / सी.एस.आई.आर. / नेट / स्लेट / गेट परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थी

सुस्मिता मान (नेट)

आदेश बाबू (नेट-जेआरएफ)

विभागीय संगोष्ठी

- डॉ. जयराम पोडुवल, विभागाध्यक्ष, कला इतिहास एवं सौन्दर्यशास्त्र विभाग, एम.एस. विश्वविद्यालय, वड़ोदरा। व्याख्यान का विषय 'वार एंड द मॉनूमेंटस : पोलिटिकल रेटोरिक ऑफ इंडियन टेम्पल्स' 9 सितम्बर 2019.
- प्रो. मंदार मुखर्जी, श्री शिक्षायतन कॉलेल, राजनीति शास्त्र विभाग, कोलकाता। व्याख्यान का शीर्षक ''पिक्टोरियल एस्से ऑफ द इंडियन कंस्टीट्यूशन''। 24 फरवरी 2020.
- प्रख्यात विद्धान मोजगन जहाँनारा। शीर्षक – ''वाटर कॉस्मोलॉजी इन इरेनियन गार्डेन डिज़ाइन''। 13 फरवरी 2020.
- प्रसिद्ध कलाकार जतिन दास। व्याख्यान का शीर्षक – 'आर्टिस्ट एंड हिज़ आर्ट वर्क' 2 मार्च 2020.
- प्रो. संजीव मुखर्जी। शीर्षक – ''पुशिंग द लिमिट्स ऑफ आर्ट : एक्सप्लोरिंग कॉन्सेप्चुएल आर्ट प्रैक्टिस''। 5 मार्च 2020.

राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी / सम्मेलन / कार्यशाला / प्रदर्शनी / मूल्यांकन / अध्यक्षता

(विभाग के शिक्षक / शोधार्थी द्वारा)

प्रो. आर.शिव कुमार

- 'फ्रॉम स्वदेशी टू द कंस्टीट्यूशन : नंदलाल बोस एंड द नैशनलिस्ट प्रोजेक्ट' 26 जुलाई 2019. 'आइडिया ऑफ द इंडियन कंस्टीट्यूशन' – 5वें राष्ट्रीय शांति के लिए इतिहास – सम्मेलन में। सीगल फाउंडेशन फोर द आर्टस, कोलकाता। 26-28 जुलाई 2019.
- 'रामकिंकर बैज : इंस्क्रीबिंग द मार्जिनल इनटू मॉडर्निज़म' – द स्कल्पचर इमेज ; पर्सपेक्टिवस ऑन इंडियन स्कल्पचर, राष्ट्रीय संगोष्ठी। इमामी सेंटर फॉर क्रिएटिवीटी, कोलकाता में 3 अगस्त 2019 को।
- 'ए रामचंद्रन : मेनी फेसेज़ ऑफ हिज़ आर्ट' – केरल ललितकला अकादमी, टी.डी.एम. हॉल, एर्नाकुलम में 6 अक्टूबर 2019 को आयोजित।
- 'ए रामचंद्रन : मेनी फेसेज़ ऑफ हिज़ आर्ट' – केरल ललितकला अकादमी, म्यूज़ियम हॉल, श्रीवेन्दम में 10 अक्टूबर 2019 को आयोजित।
- 'अर्लि कलाभवन एंड सन प्रोपोज़िशन फॉर आर्ट एजुकेशन टुडे' – कला शिक्षा एवं नई चुनौतियाँ, ललित कला विभाग, ढाका विश्वविद्यालय, 31 दिसम्बर 2019.

- ''हिस्ट्री, मेमोरी एंड मॉडर्न आर्ट : थिंकिंग विद के.जी. सुब्रमणियम'' – आलेख प्रस्तुत किया 'कला, अभ्यास एवं इतिहास बोध' विषय पर रवीन्द्रभारती विश्वविद्यालय, कोलकाता में 14 फरवरी, 2020 को हुए सम्मेलन में।
- ''इंडो-जैपनीज़ आर्टिस्टिक इन्काउंटर इन द अर्लि ट्वैन्टीएथ सैन्चुरी एंड वाट दे फाउंड इन इच अदर'' – आलेख प्रस्तुत किया। संगोष्ठी का विषय- हिस्टोरिकल लिंक एंड कंटेम्परररी कनवर्जेन्स ऑफ इंडिया-जापान रिलेशनस। ऐशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता में 13 मार्च, 2020 को सम्पन्न।

सौमिक नंदी मजुमदार

- अमूर्त अभिव्यक्तिकरण पर कोलकाता सेंटर फॉर क्रिएटिविटी, शांतिनिकेतन में व्याख्यान प्रस्तुत किया। 2019 अगस्त।
- 'कनसर्विंग विद द स्पेस-इंटरैक्टिव आर्ट प्रैक्टिस इन शांतिनिकेतन' – पर व्याख्यान प्रस्तुत। तुलनात्मक साहित्य के अध्ययन का केन्द्र, भाषाभवन, विश्वभारती, 26 फरवरी 2020.
- 'ट्रेडिशन एंड द निड चैलेंज' – व्याख्यान प्रस्तुत। 'कला शिक्षा में नई चुनौतियाँ' विषय पर ललित कला विभाग, ढाका विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन। 29-31 दिसम्बर।
- चार दिवसीय कार्यशाला का संचालन। विषय- 'ट्रेनिंग ऑफ मास्टर टीचर इन आर्ट एप्रीसिएशन फॉर मिडल स्कूल चिल्ड्रेन'। एस.सी.ई.आर.टी., गोवा सरकार द्वारा 17-20 सितम्बर 2019 को आयोजित।

डॉ. अंशुमान दासगुप्त

- ''द पेडागोजिक मोमंट : एवरीडे लाइफ एज़ ए मॉडल ऑफ एजूकेशन इन शांतिनिकेतन एंड इट्स क्यूरेटोरियल आफ्टरलाइफ'' – विषय पर भाऊ दाजी लाद संग्रहालय, मुम्बई में भाषण / व्याख्यान। 6 मई 2019। व्याख्यान का वीडियो URL : https://www.youtube.com/watch?v=xzg3zcgYC5Q.
- भारतीय आधुनिकता पर सात व्याख्यान (बंगाल की कला : कोलकाता और शांतिनिकेतन पर केन्द्रित) भाऊ दाजी लाद संग्रहालय, मुम्बई। 5-6 मई 2019.
- 'टेक ऑन आर्ट' पत्रिका के उद्‌घाटन समारोह में प्रारंभिक वक्तव्य – 'ऋत्विक'स टेक ऑन रामकिंकर बैज' हैरिंगटन आर्ट गैलरी, कोलकाता में 27 नवम्बर 2019 को। URL : https://madmimi.com/s/f37cbf.

डॉ. मेघाली गोस्वामी

- क्यूरेटर के रूप में व्याख्यान, ढाका आर्ट गैलरी, शिल्पांगन, बांग्लादेश, अप्रैल, 2019.
- विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित। कला उत्सव 2019, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर (वी-एस.पी.आर.सी.) वेलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेलोर, 1-3 अगस्त, 2019.
- लेखाचित्र कला विभाग, बांग्लादेश में आमंत्रित, 29 अप्रैल, 2019.

प्रकाशन

(पाठ्य पुस्तक / एकल लेखक)

प्रो. आर. शिव कुमार

- 2019, अप्रैल – 'वियॉन्ड पेंटिंग : द आरकाइब्स ऑफ नंदलाल बोस', 'द मास्टर्स हैंड : आर्टिस्टीक विजन ऑफ नंदलाल बोस', पुन्डोलेस, मुंबई, पृ. 12-16 (5 पृष्ठ)।
- 2019, मई – 'कला भवन एंड नंदलाल'स टीचिंग प्रोग्राम', आर्ट इस्ट, अंक-4, पृ. 24-29 (6 पृष्ठ).
- 2019, अगस्त – ''बैक टू द रूटस', आर्ट इंडिया, अंक-23, संख्या-2, ISSN : 0972-2947, पृ. 94-97 (चार पृष्ठ)।
